क्या कलीसिया महासकंट से पहले चली जाएगी?

आइए हम अपने सिरों को प्रार्थना के लिए कुछ क्षणों के लिए झुकाएं।

2 परम पवित्र और धार्मिक परमेश्वर, हम आपके प्रेममय करुणा के लिए आपका धन्यवाद करते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए जीवन से भी ज्यादा अच्छी है। और हम आपसे प्रार्थना करते हैं कि आप हमसे बहुत ही विशेष रूप से मुलाकात करेगे, और हमें अपनी आशीषो में से प्रदान करेगे। होने पाए कि हम बिमारो और परेशान व्यक्तियों की सेवाटहल करने के लिए अपने प्यारे उद्धारकर्ता के बड़े हुए हाथो को देखें। और आज रात्रि उन लोगों की ओर स्वागत का हाथ बडाए जो कि पाप की सड़को पर चलते चलते थके गए हैं। उन्हें पिता के घर में आने का निमंत्रण दे जहां पर उन्हें होना चाहिए।

3 हम आपसे उन लोगों को स्मरण करने के लिए कहना चाहेगे जो कि सकेत और सकरे मार्ग से भटक गए हैं, कि वे भी शायद पिता की सहभागिता में वापस आने पाए।

4 और हम आज रात्रि प्रार्थना करते हैं, प्रभु, कि आप लोगों के कानो को सुसमाचार सुनने के लिए खोलेगे, और यह कि आप बोलने वाले के होठों का खतना करेंगे। और होने पाए कि हमारा आपकी महिमा के लिए उपयोग हो। और इस सभा के अंत में, जब हम अपनी विभिन्न स्थानों में जाते हैं, होने पाए कि हम उन लोगों के तरह से कहने पाए जो इम्माऊस से आए थे, “जब वो हमसे बाते करता था, तो क्या हमारे हृदय में उत्तेजना ना हुई? ” क्योंकि यह हम आपके पुत्र, प्रभु यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

5 मैं आज रात्रि कुछ वचनों में से पढ़ना चाहता हूं, संत लूका का 17वां अध्याय, और 26वां पद से आरंभ करते हुए।

और जैसा नूह के दिनों में हुआ था, वैसा ही मनुष्य के पुत्र के दिनों में होगा।

जिस दिन तक नूह जहाज पर ना चढ़ा, उस दिन तक लोग खाते–पीते थे, और उन में ब्याह शादी होती थी, उस दिन तक

जब नूह ने जहाज में प्रवेश नहीं किया, तब जलप्रलय *ने आकर उन सब को नाश किया।*

और जैसा लूत के दिनों में हुआ था; कि लोग खाते–पीते, लेन–देन करते पेड़ लगाते और घर बनाते *थे;*

परन्तु जिस दिन लूत सदोम से निकला... उस दिन आग और गंधक आकाश से बरसी, *और उन सब को नाश कर दिया।*

जब मनुष्य के पुत्र के प्रगट होने के दिन भी ऐसा ही होगा।

6 और पाठ के लिए, मैं उत्पत्ति उसके 19वां अध्याय और उसकी 22वी आयत में से लेना चाहता हूं।

तू फुर्ती करके और यहां आ; *क्योंकि* मैं कुछ नहीं *कर* सकता *जब तक* तू वहां *ना आ जाए*।

7 इस प्रात:, मैं आनेवाले न्याय के लिए बोल रहा था, और आज रात्रि मैं इस बात को जारी रखना चाहता हूं। हम सर्वशक्तिमान परमेश्वर के न्याय की गर्म आँधीयो को महसूस कर सकते हैं। जब हम इन बातो को महसूस करना आरंभ करते हैं, तो यह बात हमारे लिए आवश्यक है कि हम यह एक प्रकार से देखे कि हम कहाँ पर रह रहे हैं, और किस घड़ी से गुजर रहे हैं।

8 और कुछ समय पहले, यह मेरा सौभाग्य था कि मैं भारत वर्ष गया। और इससे पहले कि मैं भारत वर्ष में आता, वहां पर एक बहुत बड़ा भूकंप आया। और मैं भारत के अखबारों में पढ़ रहा था, कि भूकंप आने के दो दिन पहले, ऐसा प्रतीत हुआ कि वे इस बात को जान गए थे कि कुछ गड़बड़ है; वे सारी छोटी चिड़ियाँ जो कि बड़ी इमारतों की दरारों में रह रही थी, और जो कि बड़े पत्थरों की दीवारों पर रह रही थी। भारत के अधिकांश स्थानों पर पत्थर की दिवारें हैं। और वे सारी चिड़ियों ने जिनका घोसला उन दरारों में था, दिवारों को छोड़ दिया। और वे सारे गाय बैल जो कि प्राय: उन बड़ी इमारतों के चारो ओर दोपहर की छाया में खड़े रहते थे, और उन बड़ी पत्थर की दीवारों के चारों ओर खड़े रहते थे; भूकंप के दो दिन पहले, यह सारे जानवर और छोटी चिड़ियाँ मैदान के बीच में जाकर खड़े हो गए।

9 आप समझे, उस बात के विषय में कुछ था, कि परमेश्वर अपनी छोटी चिड़ियों और जानवरों की देखभाल कर रहा था। आप जानते हैं, यह वही परमेश्वर था जिसने आरंभ के दिनों में, नूह के प्रचार करने के द्वारा, जब

उनका पानी से नाश हुआ था, उनका मार्गदर्शन उस जहाज की ओर किया था, वही परमेश्वर आज भी जीवता है और राज्य करता है, और उसका अपने प्राणियों पर नियंत्रण है।

10 और मैं सोच रहा था, "यदि परमेश्वर को अपनी चिड़ियों का, और अपनी गाय बैलो का और अपनी भेड़ो का इतना ध्यान था, कि इससे पहले कि विनाश प्रहार करे, वो उन्हें दूर ले जाता है, वह उन बच्चों का जिन्होंने उसकी आत्मा के द्वारा जन्म पाया हैं, और उसके लहू में धुले हुए हैं, कितना ध्यान न रखेगा। वह उनका ध्यान रखता है।" और जैसे कि उसने छोटी चिड़ियों को अपने रहने के स्थानो से चले जाने के लिए चेतावनी दी, मैं सच्चाई से इस बात पर विश्वास करता हूं कि आज वह अपने लोगों को चेतावनी दे रहा है। और जैसे कि हम उसके जल्द आगमन के महान चिन्हों को देखते हैं, मैं यह विश्वास करता हूं कि परमेश्वर अपने लोगों को एक साथ होने की चेतावनी दे रहा है, और इस अंतिम दिन में एक महान रूप में बाहर बुलाया जाना हो रहा है।

11 आज रात्रि मेरा विषय है: *क्या कलीसिया महासकंट से पहले चली जाएगी?*

12 अब यह बात आपके विचार करने से पहले होनी है। बहुत देर हो चुकी है, इतना तक मैं विश्वास करता हूं कि अमेरिका में लगभग बहुत देर हो चुकी है। हम बस मार्ग के अंत में है। और आज सुबह, जिस समय मैं बाबुल और उसकी स्थितियों पर प्रचार कर रहा था, मैंने सोचा कि आज रात के लिए यह बहुत अच्छा होगा, ताकि बाईबल में से कुछ को बातों को लाया जाए, यह दिखाने के लिए कि हम प्रभु के आगमन के कितने नजदीक थे। और हम देख सकते हैं, हम अपनी स्वाभाविक आंखों से, कि कुछ तो बात जगह लेने के लिए तय है।

13 वहां लोगों के बीच एक—एक अशांति है, बस एक बेदारी के लिए कोशिश करना बहुत कठिन बात है। कलीसियाये संस्थागत घेरों के कारण बहुत ही भिन्न–भिन्न है, और एक दूसरे के आलोचना करने में लगी है। और मसीही लोग ऐसा प्रतीत होता है बहुत ही परेशान है, और बैचेन है। लेकिन, आप जानते हैं, यह अजीब बात है, लेकिन हमारे प्रभु ने कहा, "जब ऐसी चीजें घटित होने लगे, तो ऊपर की ओर देखो," कि हमारा छुटकारा नजदीक आ पहुंचा है।

14 और जैसा कि हम उसकी महान दया को देखते हैं, जैसा कि यह हम पर प्रस्तावित किया जा रहा है, उसके हाथों को महान चिन्हों और अद्भुत कार्यो को देखते है; जिसे देखकर कुछ ही मिनटों में हमारी आंखें खुल जाएगी। और फिर इस बात को जानकर यह हमें यह सबसे पवित्र सांत्वना को देता है, कि बाईबल का परमेश्वर आज भी जीवित है। और वह अपने बच्चों से प्रेम करता है, और वह उन्हें चेतावनी दे रहा है। और वे जो आत्मिक मन के हैं, बाहर आ जाते हैं।

15 और हम ध्यान देते हैं, उन दिनों में जब यीशु बोल रहा था, उसने कहा, "जैसा कि यह नूह के दिनों में था, और लूत के दिनों में था।"

16 अब, समय के हर मोड़ पर, परमेश्वर ने हमेशा ही न्याय की पुकार से पहले दया की पुकार को दिया है।

17 अब यदि आप इतिहासकार हैं, और मैं इस सप्ताह इतिहास का अध्ययन करता आ रहा हूं, और पिछले दो या तीन सप्ताह से लेकर, एंटे-निसियन फादर्स, कलीसिया का प्राचीन इतिहास जो निसियन परिषद के ठीक पहले था, और फिर पंद्रह सौ वर्षों के अंधकार युग में कैथोलिक कलीसिया का गठन कर रहा था। और मैं इसे निसियन के लेखों में देखता हूं, या निसियन से पहले के परिषद में, कि उनके पास बिल्कुल वैसी ही बातें थी जैसे कि आज हैं। ओह, यह कैसे यह बात अपने आप को दोहराती है!

18 और कलीसिया की स्थिति को देखना, और लोगों की स्थिति को देखना, और समय के चिन्हों को देखना, वे हर कहीं लिखे हुए हैं।

19 अब, इससे पहले कि परमेश्वर कभी कुछ करे, समय के हर मोड़ पर, वह हमेशा दया को भेजता है, एक दूत को, एक भविष्यव्यक्ता को, एक संदेश को भेजता है। और जैसा कि हर समय में हुआ है, अब भी, उसे पूर्ण रूप से ठुकराया गया है। कलीसिया इसे ग्रहण नहीं करना चाहती।

20 नूह। उसने यहां नूह के बारे में बात की। और उसने एक सौ बीस वर्ष प्रचार किया। और हालाँकि उसका संदेश दया का था, लोग उसकी शिक्षा पर सतर्क होने से चूक गए। यह कुछ ऐसा था जो उन्हें बचाने के लिए था, और फिर भी उन्होंने नहीं सुना। और क्या यह आज के समय की बहुत ही सुंदर तस्वीर नहीं है!

21 अब, आप मुझसे कह सकते हैं, "भाई ब्रंहम, आप कैसे कह सकते हैं कि 'सुंदर' है, और हमारे लिए चित्र को चित्रित कर रहे है जिसे आप दिखा

रहे हैं? ”

22 यह सुंदर है क्योंकि प्रभु यीशु जल्द ही अपनी कलीसिया के लिए आ रहा है, और यह सबसे सुंदर विचार है जो परमेश्वर की कोई भी सृष्टि कभी सोच सकती है; ताकि इस गड़बड़ी से बाहर निकलकर और उसकी धन्य महिमा में प्रवेश करे, जहां बूढ़े जवान हों जायेंगे, और बीमार हमेशा के लिए चंगे हो जाएंगे। वहां अब और दु:ख या ह्रदय का दर्द नहीं होगा। क्या यह सबसे सुंदर बात नहीं है जिसके बारे में मैं सोच सकता हूं! और यह उनके लिए कितना धन्य है जो उस एकत्र होने के समय की बाट देखते हैं।

23 अब हम पाते हैं, जैसा कि यीशु ने नूह के दिनों का उल्लेख किया था। आइए हम पीछे जाये, क्योंकि उसने कहा, “उस दिन का एक उदाहरण ले।”

24 अब, जब कैन और हाबिल। जब कैन ने हाबिल को मार डाला, और तब शेत ने उसका स्थान ले लिया। हम देखते हैं कि शैतान उस बीज को नष्ट करने का यत्न कर रहा था जिसको आना था, जिसकी परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की थी, कि, “स्त्री का बीज सर्प के बीज के सिर को कुचलेगा।” और शैतान उस शाही बीज को नष्ट करने की कोशिश कर रहा था, और उसने सोचा कि उसने ऐसा किया जब उसने हाबिल को मार डाला। लेकिन परमेश्वर ने शेत को उसके स्थान पर खड़ा किया। मसीह की मृत्यु और पुनरुत्थान, और शाही बीज का आगमन की एक बहुत ही सुंदर तस्वीर।

25 तब यह ध्यान देने योग्य बात है कि कैसे कैन के वंश की ओर के लोग, वे बहुत ही धार्मिक बन गए। और वे कलीसिया जाने वाले लोग थे; और वैसे ही कैन भी एक कलीसिया जाने वाला व्यक्ति था। उसने प्रभु की आराधना की। उसने एक वेदी बनाई। वह कलीसिया से संबंध रखता था। उसने अपने ऋणों को चुकाता था। वह हर लिहाज से, एक ऐसा मनुष्य था जिसकी ओर मनुष्य एक सच्चा विश्वासी होने के समान देखते थे।

26 लेकिन वहां केवल तीन वर्ग के लोग है, वो है, विश्वासी, अविश्वासी, और बनावटी विश्वासी। और संसार आज रात भी उन्ही से भरा हुआ है।

27 और कैन केवल दिखावटी विश्वास को कर रहा था। और उसके वंश से कलीसिया जाने वाले लोगों का एक बड़ा झुंड आया, जो बहुत ही धार्मिक था।

28 अब, यह सबसे असामान्य बात है, लेकिन क्या आपने ध्यान दिया कि उसके वंश के लोगों से उन्नति पाई हुई, शिक्षित जाति बाहर आई? बाईबल इसे स्पष्ट रूप से बताती है। उसने कहा, “वे निर्माण कर रहे थे, और वे बड़ी–बड़ी चीजें कर रहे थे।” विज्ञान कैन के वंश में से बाहर आया। और बड़े–बड़े वैज्ञानिक, और डॉक्टर, और बड़े–बड़े पुरुष, कैन के वंश में से बाहर आये।

29 जबकि, दूसरी तरफ एक—एक गरीब, किसान की तरह के लोग थे, लेकिन यह वे लोग थे जिन्होंने विश्वास किया कि उनका परमेश्वर को वास्तविक है। हे परमेश्वर, मुझे उन्हीं लोगों के साथ गिनना!

30 और अंत समय के आने से ठीक पहले, एक बहुत बड़ी गड़बड़ी थी। और बड़ी कलीसिया की तरह, ऐसा दिखाई दिया, कि वे जीत गये थे, जैसे कि आज विज्ञान के लिए होता है।

31 और एक और बड़ी बात: उसने कहा, “वे भवनों का निर्माण कर रहे थे।” इतिहास में कभी भी ऐसा समय नहीं आया कि भवन इतने ऊंचे बनाये गये हो जितना कि अब बनाये गये है। यह अंत समय के चिन्हों में से एक है। हमारे पास कभी भी ऐसा निर्माण का समय नहीं रहा था। और अब, यहां तक कि यहां हमारे छोटे से शहर में, मुझे इतनी जगह नहीं मिल पाती है कि जाकर खरगोश का शिकार करूं। घरों की निर्माण की योजनाये हर तरफ है; बस भवनों का निर्माण कर रहे है और पौधे लगाना। और यदि हम अपनी आंखें खोलते हैं, तो यह परमेश्वर के चिन्ह सूचक में से एक है कि अंत निकट है।

32 और हम आज सुबह स्पुतनिक और मिसाइलों पर प्रचार कर रहे थे, कैसे वे मास्को में खड़े होकर, और एक मिसाइल को लुईसविले में चौथी सड़क के बीच में भेज सकते हैं, और मास्को में ही रहकर ऐसा कर सकते हैं। और यह उड़ा कर जमीन में एक सौ पचहत्तर फुट गहरा गड्ढा बना देगा, और इसके चारों ओर एक सौ पचास मील तक का गहरा गड्ढा। यह गड्ढा इतना बड़ा होगा। उनमें से तीन मिसाइलें सारे संसार को नष्ट कर देंगी, इसे उसकी परिक्रमा से हिला देंगे। विज्ञान, आप देखते हैं कि यह किस वंश से है? यह दुष्ट की ओर है।

33 परमेश्वर अपने बालकों से अपेक्षा करता है कि जो कुछ भी उनके पास है उसके लिए उस पर भरोसा करें। लेकिन हम मनुष्य के हाथ पर भरोसा

करना चाहते हैं। बल्कि मैं अपनी आशाओं को मसीह में बनाना चाहता हूं, मेरा पवित्र पड़ाव उसके अनुग्रह और दया पर रखना चाहता हूं, बजाये इसके लोगों के किसी भी शिक्षित झुण्ड पर रखूं जो एक संगठन को बनाये, जो कहते है, "*यह* वो मार्ग है।" मसीह ने कहा, "मैं मार्ग, सत्य और उजियाला हूं। और कोई मनुष्य मेरे बिना पिता के पास नहीं आ सकता।"

34 इसलिए, आप देख सकते हैं, यह शिक्षा का एक बड़ा दिन है। यह सांसारिक कलह का एक बड़ा दिन है। और ठीक उस बात के बीच में, उनके पास अवश्य ही उससे भी बड़ा एक वैज्ञानिक संसार रहा होगा जो अब हमारे पास है। उन्होंने पिरामिड बनाए। यदि आप कभी इसके नजदीक गये हो, तो हमारे पास एक भी चीज ऐसी नहीं है जो पिरामिड का निर्माण करे। मैं यहाँ पर गया हूं, मिस्र में, और एक बार मेक्सिको में। और जिस तरह से, शहर की बड़ी कालोनी होती है, ऐसे पत्थर थे जिनका वजन सैकड़ों टन तक होगा, वहां ऊपर उस बड़े, विशाल इमारत के ऊपर बनाया गया था। और यह इतनी अच्छी तरह से तराशा गया है, यहाँ तक कि बीच में उस्तरे के ब्लेड के लिए भी जगह नहीं है; यह इतनी कुशलता से काटा गया था। ओह, क्या ही विज्ञान का दिन है! और, यह पृथ्वी के मध्य में बहुत ही सिद्ध रूप से स्थापित भी है, और कोई फर्क नहीं पड़ता कि सूर्य कहां है, उसके चारों ओर कभी भी छाया नहीं होती है। मुझे संदेह है कि हमारे आधुनिक विज्ञान में क्या हम आज इसकी बराबरी कर सकते हैं, हमारे आधुनिक विज्ञान में।

35 लेकिन यीशु ने कहा, "जैसा उस दिन में था, वैसा ही परमेश्वर के पुत्र के आने पर होगा।" अब, और नूह ने एक सौ बीस वर्ष प्रचार किया, और, ध्यान दें, उस पर हंसा गया था।

36 अब, यीशु ने यह भी कहा, कि, "जैसा कि यह लूत के दिनों में था, ऐसा होगा, लूत के दिनों में, वे खा रहे थे, पी रहे थे, विवाह कर रहे थे, विवाह में लेन–देन कर रहे थे, रोप लगा रहे थे, निर्माण कर रहे थे, बेच रहे थे, खरीद रहे थे।"

37 ओह, ऐसा दिन कभी भी नहीं हुआ था, कि, इतना अधिक व्यावसायिक हो, जैसा कि आज है, बस उपयोग की गई कार के ढेर और हर चीज है। इतना, इतना तक, आप इस वर्ष एक रेफ्रिजरेटर को खरीद सकते हैं, और इसके लिए लगभग चार या पांच सौ डॉलर का भुगतान करते हैं, और अगले

वर्ष कोई भी इसे नहीं रखना चाहता है। यह शैली या फैशन से बाहर है। क्या आप नहीं देखते हैं कि व्यापारिक जगत आपके ऊपर दबाव को डाल रहा है? आप इस वर्ष एक कार खरीद सकते हैं, और अगले वर्ष यह संभवतः उतनी ही अच्छी होगी जितनी आप तब खरीद सकते थे, लेकिन इसकी एक हजार डॉलर कीमत कम हो जाएगी क्योंकि उन्होंने कार के प्रकाश देने वाले उपकरण के ढक्कन को बदल दिया है या उन्होंने इसके लिए कुछ तो छोटे से मूर्खतापूर्ण काम को किया है। यह केवल एक बेचने का तरीका है, बाईबल को पूरा करने के लिए।

"जैसा कि यह नूह के दिनों में था, और लूत के दिनों में था।"

38 हालांकि, हर बार, दूत प्रकट हुए, भविष्यवक्ता उठ खड़े हुए, और उनका संदेश हमेशा ही अनुग्रह, दया और छुटकारे का रहा है। परमेश्वर का संदेश हमेशा से छुटकारे का रहा है, अंत समय से ठीक पहले; इसे वचनों में से होते हुए जांचे, कैसे नूह ने छुटकारे का प्रचार किया। और वे उन पर हंसे और उनका मजाक उड़ाया, और उनका उपहास उड़ाया गया।

39 और जैसा यह उन दिनों में था, वैसा ही आज है। और जब आप एक संदेश के साथ आगे बढ़ते हैं, कि मसीह मरे हुओं में से जी उठा है, जैसा कि उसने प्रतिज्ञा की है कि वह अपने आप को आगे दिखाएगा। और वे उस संदेश के लिए आज करते हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे उन्होंने उस दिन पर संदेश के लिए किया था।

40 लूत सदोम में चला गया, और अपनी पूरी तरह से अपने कुटुम्बी लोगो के लिए कोशिश की कि दूतों का संदेश सुने, लेकिन उन्होंने उसका उपहास उड़ाया और कहा कि वह मज़ाक कर रहा था।

41 ओह, इस दिन की क्या ही तस्वीर है! जब आप उनके लिए परमेश्वर के छुटकारे का संदेश लाते हैं, वे कहते हैं, "तुम धर्म का मजाक उड़ा रहे हो। तुम कुछ तो ढोंग करने की कोशिश कर रहे हो।" उसी प्रकार का एक झुण्ड! हम क्या ही घडी में जी रहे है! "तो ठीक है, वे सोचते हैं कि केवल वे ही हैं जो बचने जा रहे हैं। वे सोचते हैं कि केवल वे ही हैं जो सुसमाचार का प्रचार कर रहे हैं।"

42 यीशु ने कहा, "ये चिन्ह उनके पीछे–पीछे जायेंगे जो विश्वास करते हैं।" यह मेरा वचन नहीं है। यह उसका वचन है।

43 और ध्यान दें, मैं चाहता हूं कि आप जल्दी से ध्यान दें, यह किस प्रकार का संदेश था। ओह, यह बस मेरे ह्रदय को उत्तेजित कर देता है। जब मैं सदोम और अमोरा के विषय में सोचता हूं, तो नैतिक रूप से इतना दूषित हो गया था, इतना तक कि हर जगह से पथ–भ्रष्ट थे।

44 लेकिन अंतिम, बड़े विनाश से ठीक पहले, परमेश्वर ने वहां एक भविष्यवक्ता को भेजा। और मैं यह भी सोच रहा हूं, उसने वहां एक दूत को भेजा, और मैं चाहता हूं कि आप दूत के संदेश पर ध्यान दें। अब्राहम, जिसने प्रभु के कुछ ठुकराए हुओं के साथ अपना मार्ग लिया था, वह रेगिस्तान की ओर निकल गया जहां पर सूखी भूमि थी।

45 और लूत वहां चला गया और नगर का प्रधान बन गया, और वह पापों के बीच एक बड़ा व्यक्ति था। मैं इतना लोकप्रिय नहीं होना चाहूंगा बजाये इसके मैं परमेश्वर के साथ सही रहूंगा। लेकिन लूत बहुत ही लोकप्रिय था, और वह नगर के फाटक पर सड़कों पर बैठा हुआ था। वह एक फैसला करता था कि क्या अंदर आ सकता है और क्या नहीं आ सकता है। और वह वहां पर था, अपने जीवन को व्यभिचार में दे रहा था, और यह जानते हुए कि उसके नगर में इस प्रकार की बातें हो रही है।

46 क्या यह आज की तस्वीर नहीं है, हमारे राष्ट्र में; बिना सेंसर या काट छाँट के कार्यक्रम, सभी प्रकार की मूर्खता, नीचता, युक्तियाँ! ओह, वे इसे समाप्त कर सकते थे, यदि वे चाहते तो, लेकिन वे नहीं चाहते थे। और वे इसे नहीं कर सकते, क्योंकि परमेश्वर ने कहा यह इसी प्रकार से होगा। यदि वे केवल अपनी आंखें खोल सकते और समझ सकते!

47 और, ध्यान दें, उस बड़ी निर्णायक घड़ी के आने से ठीक पहले। अब्राहम और सारा, जो उस बतुल के पेड़ के नीचे बैठे हुए थे, एक दिन जब वे वहां पर थे, सारा ने कुछ पुरुषों को आते हुए देखा। और वह तंबू की ओर चली गई।

48 इस दिन की महिलाओं के लिए क्या ही अंतर है, और वहां सादोम में यह कितनी भिन्न बात होती। पुरुषों के घर आने का समय आ गया, वे सब अपने छोटे छोटे कपड़ो को पहनते है, और बाहर जाकर और घास काटने के लिए चली जाती है। क्या ही अंतर है!

49 लेकिन सारा तंबू में चली गई। और जब वो गयी, तो ये पुरुष वहां आ गए। और अब्राहम ने उनकी ओर देखा। वे बल्कि अजीब दिखने वाले पुरुष

प्रतीत होते थे। और उनमें से एक ऐसा दिखाई पड़ा कि वह उनकी ओर से बोलने वाला मुख्य व्यक्ता है, और जब वह बैठ गया और अब्राहम के साथ बात करना आरंभ किया…

50 अब्राहम ने कहा, “यहां बैठ जाइये, और मैं कुछ पानी लेकर जाऊंगा, और मैं आपके पैर धोऊंगा। और मैं थोड़ा सा आटा गुंधकर आपके लिए रोटी बनाऊगा। और हम तैयार करेंगे, और आप मांस का एक निवाला खा सके। और उसके बाद आप आगे जा सकते हैं।”

51 और जब वह गाय–बैल के झुण्ड की ओर भागकर गया, और एक मोटा–ताजा बछड़ा लिया, और उसे मारा। सारा को थोड़ा आटा गूंथने के लिए और कुछ रोटियां बनाने के लिए कहा।

52 और उसने उस मनुष्य से बात की। मैं विश्वास करता हूं कि, किसी न किसी तरह से, अब्राहम जानता था कि वह कौन था। और वह मनुष्य जो बोलने वाला था, उसकी पीठ तंबू की ओर थी। वह उस दिन का संदेशवाहक था। और उसने कहा, “अब्राहम, मैं पच्चीस वर्ष पहले ही प्रतिज्ञा के अनुसार तुमसे भेंट करने जा रहा हूं। मैंने तुमसे एक प्रतिज्ञा की है, और मैं इसके साथ बना रहूंगा।”

53 ओह, प्रभु का नाम धन्य हो! परमेश्वर ने एक प्रतिज्ञा की, “अंत के दिनों में, वह अपनी आत्मा को सारी देह पर उंडेलेगा,” और वह इसके साथ बना रहेगा। यीशु ने एक प्रतिज्ञा की, और कहा, “जो काम मैं करता हूं तुम भी करोगे,” और वह इसके साथ बना रहेगा, क्योंकि वह धर्मी है।

54 और अब्राहम ने उसकी ओर देखा। और उसने कहा, “जीवन के अनुसार अगले महीने लगभग इसी समय,” यह सारा के साथ था, “मैं तुमसे भेंट करने जा रहा हूं, और सारा एक बालक को लाने जा रही है जिसकी मैंने प्रतिज्ञा की है।” अब, अब्राहम सौ वर्ष का था, और सारा नब्बे वर्ष की थी।

55 और सारा, दूत के पीछे, तम्बू के अंदर थी… वो हंसी।

56 और दूत ने अपनी पीठ को घुमाया, कहा, “सारा क्यों हंसी?” वह संदेशवाहक था। ओह, क्या आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बोल रहा हूं? यह किस प्रकार का मनों को पढना था, उसकी पीठ तंबू की ओर थी, और वो अंदर थी? और वह मुस्कुराई। और उसने कहा, “वह क्यों हंसी?” वह यह जानता था। और सदोम और अमोरा के जलने से पहले यह अंतिम

संदेश था। भाई, यदि आप इसे आज रात सुनते हैं, तो यह अब अंतिम संदेश है इससे पहले कि यह संसार जले। दूत के स्वभाव को देखा? वह दूत कौन था? यह परमेश्वर था।

57 याद रखें, अब्राहम ने उसे "प्रभु" कहकर बुलाया। और वहां इसका अनुवाद है "एलोहिम, वो महान, सामर्थी यहोवा।" यह यीशु मसीह का फिर से देहधारी होना था।

58 किसी ने कहा, "क्या आपके कहने का मतलब यह था... ? उसे वह देह कैसे मिली? "

59 क्यों, उसने बस उन दो दूतो को बुलाया। और *इस* तरह से एक छोटी सी सांस फूंकी, और अणु और कैल्शियम और पोटाश एक साथ आ गए, और जिब्राईल ने एक में कदम रखा, और दूसरे में दूसरे दूत ने। और उसने अपने लिए एक बनाया।

60 उसका पवित्र नाम धन्य हो! मैं आज रात बहुत ही खुश हूं, यह जानकर कि वही सर्वशक्तिमान परमेश्वर, जो खुद के रहने के लिए एक देह बना सकता है, मेरा भरोसा उस पर है, कि किसी दिन वह इसे ऊपर उठाएगा, जैसा कि उसने करने की प्रतिज्ञा की है।

61 और वह हमारे बीच में है, उसी काम को करने के लिए जो उसने वहां पर किया था। ओह, उसके महिमामय नाम की स्तुति हो; हमें चेतावनी दे रहा है, हमसे बात कर रहा है, हमें बता रहा है कि तैयार हो जाए। निश्चय ही, उसने कहा, "थोड़ी देर रह गयी है और संसार मुझे और ना देखेगा। फिर भी, तुम मुझे देखोगे, क्योंकि मैं तुम्हारे साथ रहूंगा, यहां तक कि तुम में रहूंगा, संसार के अंत तक।" क्या ही एक घड़ी है जिसमें हम रह रहे हैं!

62 ध्यान दें, वह दूत जो आग को लेकर आया, वही वो एक था जिसने उस अद्भुत कार्य को किया। और हम सब जानते हैं कि संसार अगली बार आग के द्वारा नष्ट होने जा रहा है। और वो दूत जो सदोम और अमोरा के लिए भेजा गया था... देखो यीशु ने क्या कहा। ओह, इस बात को लेने के लिए ये मेरे प्राण को बस उत्तेजित कर देता है। "जैसा कि यह नूह के दिनों में था, ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।" उस दूत ने क्या किया? उसके पास मनों को परखने की आत्मा थी। और उसने कहा, "जैसा ये तब था, वैसा ही होगा जब मनुष्य का पुत्र स्वर्ग से प्रगट होगा।" क्या आप इसे देखते हैं? जरा सोचे, कि, अब हमारे बीच में वही परमेश्वर

का दूत खड़ा हुआ है, जो प्रभु यीशु मसीह के अलावा कोई और नहीं है, पवित्र आत्मा के रूप में। यह हमारे बीच में है, "उस दिन में।" और वो परमेश्वर था, और विनाश के आने से ठीक पहले यह उसका संदेश था।

63 अब हम ध्यान देंगे कि यह छुटकारे का संदेश था। उसने नीचे जाकर और लोगों को छुड़ाने की कोशिश की, और उन्होंने उसे सुनने से इनकार कर दिया।

64 और, आज, हमारे राष्ट्र में, हमारे लोगों के बीच वही बात है। मुझे हमारे प्रभु यीशु को सभाओं में, चिन्ह और अद्भुत कार्य और महान चीजों को करते हुए देखने का सौभाग्य मिला है। और लोग असल में मंच पर खड़े होकर और जानेंगे, संदेह की छाया से परे, कि—कि वह महान, अमरहार, अनंत परमेश्वर उपस्थित है और उसी प्रकार के अद्भुत काम को कर रहा है; और वे वहां खड़े होकर और च्युइंग गम को चबाएंगे, और बिना किसी दिलचस्पी के मंच पर से चले जाएंगे। वे परवाह नहीं करते।

65 यह मुझे ऐसा दिखाई देता है, जैसे, यदि किसी मनुष्य के पास उसके प्रति किसी भी प्रकार की आत्मिकता है, या उसमें परमेश्वर का आत्मा है, और जब उसने प्रभु यीशु को वही करते देखा है जो उसने कहा था कि वह करेगा, तो यह उसके हृदय को एक प्रकार से उत्तेजित कर देगा, कि वह अधिक समय तक शांत नहीं रह सकता है। वह राष्ट्र को संदेश के साथ प्रज्वलित कर देगा। "जैसा उन दिनों में था," उसने कहा, "ऐसा ही होगा।"

66 वह संदेश आगे चला गया, और वे सिर्फ इस पर हंसने लगे और इस का उपहास उड़ाया, जैसे कोई जो किसी प्रकार की बेकार की कहानी को बता रहा हो। लेकिन यह दया का सन्देश था, और यह अनुग्रह का था, और यह छुटकारे का था। ओह, प्रभु!

67 और उस सुबह दूत ने लूत से कहा, उसके संदेश देने के बाद; उसने कहा, "जल्दी करो, यहां आओ, क्योंकि जब तक तुम यहां नहीं आते, मैं कुछ भी नहीं कर सकता।" मैं चाहता हूं कि आप अब इस बात पर ध्यान दें, क्योंकि हमें यहां प्रार्थना पंक्ति के कारण इसे छोटा करना है। क्या आपने ध्यान दिया कि दूत ने क्या कहा? "मैं तब तक कुछ नहीं कर सकता जब तक तुम यहां नहीं आते।" यह क्या था? यह एक छुटकारे का संदेश था। और इससे पहले कि आकाश से आग की एक बूंद गिर सके, लूत को सदोम

से बाहर निकलना था।

68 और इससे पहले आकाश से बारिश की एक बूंद गिरे, नूह जहाज के अंदर चला गया।

69 और इससे पहले कि परमाणु बम इस राष्ट्र पर गिर सके, कलीसिया रेपचर में चली जाएगी, कि प्रभु यीशु से मिले। और यदि स्पुतनिक और मिसाइलें तैयार हैं, और हथौड़े पीछे की ओर खींचे जाते हैं, वे सारे दूत क्रम में खड़े होते हैं। हाल्लेलुय्या! स्वर्ग का बड़ा गलियारा पूरा भरा हुआ है। सारी वीणाएं सुर में हैं। बड़े–बड़े संगीत बजाने वालों का दल अभ्यास कर चुका है। बहुत जल्द जीवित परमेश्वर की कलीसिया के लिए घर वापसी का समय आता है, जो उसके आगमन की प्रतीक्षा कर रहा है। सब कुछ क्रम में है। मैं बहुत ही खुश हूं। मैं बहुत थकता जा रहा हूं। ओह, उस महान घड़ी के लिए!

70 और यह सोचकर, कि, हमारा इस मोड़ या जंक्शन के समय में एक भाग था! याद रखें, "ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आगमन पर होगा, जब मनुष्य का पुत्र स्वर्ग से प्रकट होगा।"

अब, याद रखें, बारिश गिरने से पहले, नूह जहाज में था।

71 इससे पहले कि आग गिरती, लूत सदोम से बाहर चला गया। क्योंकि, दूत ने कहा, "मैं कुछ नहीं कर सकता जब तक तुम यहां नहीं आते। मेरे हाथ में वह औजार है, कि इसे खींचकर, आकाश से आग को गिरा सकता हूं।"

72 और मैं सोचता हूं कि बिल्कुल ऐसा ही है। विनाश का दूत रूस का हाथ पकड़े हुए है, जो परमाणु बमों के साथ है; जब तक कलीसिया, और मसीह की एक महान देह एक साथ नहीं आ जाती। "मैं तब तक कुछ नहीं कर सकता जब तक तुम यहां नहीं आते।" ओह, क्या यह एक आशीषित आश्वासन नहीं है!

73 और यदि हम देखते हैं कि सब कुछ व्यवस्थित है, तो कलीसिया का घर जाना क्रम में है। यहां परमेश्वर का दूत उसी संदेश के साथ है, उन्हीं चिन्हों को कर रहा है, वही अद्भुत कार्य, हर चीज क्रम में रखी हुई है। ब्रंहम टेबरनेकल, लगभग पच्चीस वर्ष पहले, मैंने इसी पुलपीट पर बोला था और आपको बताया कि इन दिनों में से एक दिन ये बातें हो रही होंगी। यह यहाँ

पर है! हम अंत समय पर हैं। जंक्शन या मोड़ यहाँ है। यह कलीसिया के लिए घर जाने का समय नजदीक है।

74 आलोचना करने वाले, उपहास उड़ाते है, ठठ्ठा करते है, जैसे वे राजा नबूकदनेस्सर और बेलतशस्सर के साथ थे। वैसे ही वो नूह के दिनों में था। ऐसा ही लूत के दिनों में था। और वे आज भी ऐसा ही कर रहे हैं।

"मैं कुछ नहीं कर सकता जब तक तुम यहां नहीं आते।"

75 मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दें, लूत किसी चीज से बाहर आया जो उसे नष्ट कर देती, और नूह किसी चीज में चला गया जो उसे बचा लेगी। और यही कलीसिया का एक नमूना है। हम संसार से बाहर आते हैं, और इस एल्विस प्रेस्ली और आर्थर गॉडफ्रे युग से दूर, जिसमें हम रह रहे हैं। संसार से बाहर आओ और मसीह के अंदर जाओ! संसार से बाहर आ जाओ। "वे संसार के हैं, संसार के साथ नष्ट हो जायेंगे।" वे जो मसीह में हैं वे मसीह के साथ घर जायेंगे। "क्योंकि वे जो मसीह में सोते हैं, उन्हें परमेश्वर अपने साथ लेकर आएगा जब वह आता है।" हम संसार से बाहर आये हैं, ताकि सुरक्षा के लिए मसीह के अंदर जाये। ओह!

76 "परंतु मैं कुछ नहीं कर सकता जब तक तू यहां ना आ जाए।" मैं इसे पसंद करता हूं। "जल्दी करो! बच कर निकलो!" संदेश अत्यावश्यक था। "जल्दी करो! जल्दी करो! बच कर निकलो!"

77 प्रभु का नाम धन्य हो! यीशु ने प्रतिज्ञा की कि इस सुसमाचार को प्रचार किया जायेगा। यह अब वर्षों और वर्षों से प्रचार होता आ रहा है। और ये यहाँ अन्त समय पर है, अन्तिम महान चिन्ह। दूत के चिल्लाने से ठीक पहले, "जल्दी करो," वह मुड़ा और कहा, "सारा क्यों हंसी? " विनाश का दूत, उसने कहा, "मैंने उनके पापों के बारे में सुना है, और मैं यह देखने के लिए नीचे आया हूं कि क्या यह सत्य था या नहीं।" और उसने पाया कि यह सत्य था। और संदेश अनुग्रह, और दया, और छुटकारा था। लेकिन, "जल्दी करो! जल्दी करो!"

78 ओह, बच्चों, झुककर और सोचते मत रहो। जल्दी करो! जल्दी करो! तुरंत! समय नजदीक है। भागो (कहां?) बाहर जैसे कि छोटी चिड़ियाये भागी, बाबुल की इन बडी आधुनिक दीवारों से दूर निकलो, इन बड़ी पुरानी संप्रदाय से जो कहती हैं, "वहां समय में कोई अंतर नहीं है।" ये बड़ी पुरानी अविश्वासी कलीसियाये जो कहती है, "दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज नहीं

है। कोई अद्भुत काम नहीं है।" उन दीवारों से दूर हो जाओ, क्योंकि वे चूर–चूर होकर गिरने वाली हैं। वे विनाश में नीचे गिरने जा रही हैं और परास्त हो जाएगी, क्योंकि मेरे परमेश्वर ने ऐसा कहा है।

79 उस ओर कलवरी के बीच में भागो! यदि पक्षी पेड़ों के पास जाते हैं, तो आप भी उस पेड़ पर जाये, उस पेड़ पर जहां मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था। वहां उसकी दया के बीच में लटका हुआ है, और जब तक तूफान टल नहीं जाता, तब तक परमेश्वर को पुकारे।

80 जल्दी करो! बच निकलो! "यहाँ आ जाओ, क्योंकि जब तक तुम बाहर नहीं आते, मैं कुछ नहीं कर सकता।" वो आपके लिए रुका हुआ है। इन पुरानी आधुनिक चीजों से दूर हो जाओ। उस टेलीविजन से दूर हो जाओ जब वे एक तरह के नाटक उसमें आते हैं। निकले... जब यह रॉक–एंड–रोल बजने लगता है तो उस रेडियो को बंद कर दें। एक महिला की तरह व्यवहार करें। एक महिला की तरह वस्त्र पहने। एक मनुष्य की तरह व्यवहार करें। एक पुरुष की तरह कपड़े पहने। एक मसीही की तरह बात करें। एक मसीही की तरह जीये। सारे पुलों को जला दो। जल्दी करो! बाहर निकलो! विनाश नजदीक है। परमेश्वर ऊबा हुआ और थका हुआ है।

81 ओह, यह आपके सोचने से भी अधिक देर हो गयी है। घडी नजदीक है। दूत की दया, दया का दूत जिसने अपना संदेश भेजा, ठीक आज रात यहां पर है। क्या आप इसे विश्वास करते हैं? क्या कलीसिया को महासंकट के समय से पहले जाना है?

82 देखो, इस्राएल गोशेन में चला गया, और मिस्र अंधकार में चला गया। मिस्र गोशेन के अंदर आ गया, प्रतिज्ञा के देश में ले जाया गया। मिस्र अंधकार में चला गया, और मृत सागर में गाड़ा गया।

83 जल्दी करो! जल्दी करो! बच निकलो! यह आपका अंतिम अवसर हो सकता है। और याद रखें, हम मिसाइलों को तैयार देखते हैं। हम उन्हें सुनते हैं, हम इसे अखबार में देखते हैं। सारा संसार थरथरा रहा है। हर एक चीज जो परमेश्वर ने कहा वो पूरी हो रही है।

84 तब इसके बारे में क्या? "उस दिन में जब मनुष्य का पुत्र अपने आप को स्वर्ग से प्रकट करेगा।" प्रकट हुआ मनुष्य का पुत्र क्या है? यीशु मसीह कल, आज और युगानुयुग एक सा है। 21वे पद की ओर देखे, या 30वे पद को, यह है।

यहाँ तक कि यह उन दिनों *में होगा जब मनुष्य का पुत्र* स्वर्ग से *प्रगट होगा।*

85 यह क्या है? ये संदेश जो... जब से यीशु धरती पर था, ऐसी बात कभी भी घटित नहीं हुई। और यहाँ है यह, अन्यजाति युग के अंत में। आइए इसे कुछ समय के लिए देखें, और पूरी तरह से सोचें।

86 जब यीशु यहां धरती पर था, उसने चंगाई देने वाला होने का दावा नहीं किया। उसने कहा, “यह मैं नहीं हूं जो कामों को करता है; यह मेरा पिता है। लेकिन मैं केवल वही करता हूं जो पिता मुझे करने के लिए दिखाता है।” संत यूहन्ना 5:19, उसने कहा, “मैं तुमसे सच–सच कहता हूं, पुत्र अपने आप में कुछ नहीं कर सकता, सिवाये जो वह पिता को करते देखता है।”

87 यदि आप फिलिप्पुस पर ध्यान दें, जब वह पहले परिवर्तित हुआ। नहीं... उसने पहले अपनी सेवकाई आरंभ की, प्रभु यीशु, क्या हुआ?

88 आइए देखें कि कैसे मनुष्य का पुत्र अपने आप को प्रकट करने जा रहा है। यदि वह कल, आज, और युगानुयुग एक सा है, तो उसे अपने आप को प्रकट करना होगा जैसे उसने बीते कल में किया था। यदि वह वैसे ही प्रकट करता है, तो उसे उसी संदेश को प्रकट करना होगा। शांतिपूर्ण, और ध्यान दे।

89 जब पतरस उसकी सेवकाई के बाद उसके पास आया, संत यूहन्ना 1 में। पतरस उसके पास चलकर गया। उसे तब पतरस कहकर नहीं बुलाया गया था; उसे दूसरे नाम से बुलाया गया। और जब वह उसके पास गया, तो उसने कहा, “तू शमौन है, और तेरा पिता योना है।”

उस बूढ़े मछुआरे ने सोचा, “उसने मुझे कैसे जाना? ”

90 और फिर बेतहसदा से फिलिपुस भी, वह वहां पहाड़ के पास जाता है, और वह एक नतनेएल नाम के मित्र को पाता है, एक पेड़ के नीचे, जो प्रार्थना कर रहा है। उसने कहा, “आकर, देखो हमने किसे पाया है: नासरत का यीशु, यूसुफ का पुत्र।”

अब देखो कि उसने खुद को कैसे प्रकट किया।

91 और उसने कहा, “अब क्या नासरत से कोई अच्छी चीज निकल सकती है? ”

92 उसने कहा, “आकर और देखो।” यही सबसे अच्छा उत्तर है जो कोई भी मनुष्य दूसरे को दे सकता है। इसकी आलोचना ना करें। आकर, अपने आप के लिए जाने। ओह, यदि हम आज केवल उतने ही ईमानदार हो सकते हैं।

93 और अपने मार्ग पर आगे की ओर, वो उसे निर्देशित करने लगा। क्यों, उसने कहा, “पतरस, कल, एक मनुष्य... कैफा, क्या तुम उस बूढ़े मछुआरे को जानते हो?”

“हाँ।”

94 “वह इस मनुष्य के सामने चलकर गया, और उसने उसे बताया कि वह कौन था और उसका पिता कौन था।”

“आह,” नतनेएल ने कहा, “मैं इस विषय में नहीं जानता।”

95 और जब वह वहां चलकर गया जहां यीशु था, उस पंक्ति में जहां वह बीमारों के लिए प्रार्थना कर रहा था, यीशु ने उन आंखों को उस पर बेधा, और उसने कहा, “देखो, एक इस्राएली जिसमें कोई कपट नहीं है।”

96 उसने कैसे जाना कि वह एक इस्राएली था? यूनानी और सारे, एक जैसे कपड़े पहने हुए थे और एक जैसे दिखते थे। उसने कैसे जाना कि वह एक इस्राएली था? वह देह में प्रगट हुआ परमेश्वर था। उसने क्या किया? उसने उसकी ओर देखा और उसने उसे देखा।

उसने कहा, “रब्बी, तूने मुझे कैसे जाना?”

97 उसने कहा, “इससे पहले कि फिलिपुस तुम्हें बुलाता, जब तुम पेड़ के नीचे थे, मैंने तुम्हें देखा।”

98 उसने कहा, “इससे बात ख़त्म हो जाती है। तू परमेश्वर का पुत्र हैं। तू इस्राएल का राजा है।”

99 यीशु ने कहा, “क्योंकि मैंने तुम्हें यह बताया, क्या तुम विश्वास करते हो?” कहा, “तब तुम इससे भी बढकर चीजों को देख सकते हो।”

100 परंतु अविश्वास करने वाली कलीसिया का सदस्य पास ही खड़ा था। ओह, बस उतने ही भक्तिपूर्व और कट्टर जितने वे हो सकते है। निश्चित रूप से। वे वहां बड़ी–बड़ी शिक्षाओं के साथ खड़े हुए थे, बड़े–बड़े धर्मज्ञान के धर्म विद्यालय के अनुभव के साथ। उन्होंने कहा, “यह मनुष्य ज्योतिषविद्या बताने वाला है। वह बालजबूल है।”

101 यीशु ने कहा, “तुम मुझे यह कहते हो, मैं तुम्हें क्षमा कर दूंगा। लेकिन जब पवित्र आत्मा आता है और उसी काम को करता है, तो इसके विरोध में एक शब्द भी कभी भी क्षमा नहीं किया जाएगा, ना ही इस संसार में और ना ही आने वाले संसार में।”

102 वहां एक छोटी सी महिला थी जिसे लहू की समस्या थी। और वह भीड़ में से होते हुए आयी और उसने उसके वस्त्र को छुआ, क्योंकि उसने अपने भीतर कहा, “यदि मैं उस मनुष्य को छू सकती हूं, तो मैं चंगी हो जाऊंगी।” उसने उसे छुआ। वह भीड़ में भाग कर गई, और बैठ गई, या जो कुछ भी उसने किया।

और यीशु घूमा, कहा, “किसने मुझे छुआ? ”

103 पतरस ने उसे रोका। उसने कहा, “देखो, सारी भीड़ तुम्हें छू रही है। तुम क्यों कहते हो, ‘किसने मुझे छुआ? ’”

104 उसने कहा, “लेकिन मैं कमजोर हो गया। मुझ में से सद्गुण, या शक्ति निकली।” और उसने उन आंखों से चारों ओर देखा, जब तक उसने उसे पा नहीं लिया। उसने यह कैसे किया? जो हम नहीं जानते। लेकिन वह कल, आज और युगानुयुग एक सा है। और उसने अपने आप को यहूदी राष्ट्र पर इस प्रकार से प्रगट किया।

105 जब वह सामरियों के पास आया, वह स्त्री जो कुएं पर थी, एक प्यारी सी सामरी स्त्री।

106 याद रखें, वहां केवल तीन लोगों के राष्ट्र हैं। वो है, यहूदी, अन्यजाति, और सामरी; हाम, शेम और येपेत के लोग। और सामरी आधे यहूदी और आधे अन्यजाति होते थे। और आपको याद होगा ये कब आरंभ हुआ था, जब उन्होंने उनकी स्त्रियों से विवाह किया था, और आदि–आदि।

107 और यह युवा महिला वहां पर आई, जिसका हम अपने देश में एक बदनाम महिला होने का विश्वास करते हैं, लेकिन वह नहीं थी। यह भारत का लड़का आपको बता सकता है। यह एक पूर्वी किताब है, और आप इसे पश्चिमी शिक्षा के साथ पढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

108 जब मैं भारत गया, और बंबई में हवाई जहाज़ से—से उतरा, वहां मेथोडिस्ट कलीसिया का बिशप था, और वे सारे वहां पर खड़े हुए थे। कहा, “आप हमें यह ना बताएं कि आप एक मिशनरी हैं, श्रीमान ब्रंहम। हम

बाईबल के बारे में आप यांकीज़ लोगों से कहीं अधिक जानते हैं।" और यह सच है। उसने कहा, "आपके राष्ट्र होने से दो हजार वर्ष पहले हमारे पास बाईबल थी।" यह सही बात है। संत थॉमस कलीसिया अब भी वहां पर है, जहां संत थॉमस ने जाकर और प्रचार किया। "लेकिन," उसने कहा, "हम समझते हैं कि परमेश्वर ने आपसे भेंट की है, ताकि इस बाईबल को फिर से जीवित करें।" कहा, "यही है जो हम जानना चाहते हैं।" ऐसा ही है। संसार जीवित रोटी के लिए भूखा है।

109 यह सामरी स्त्री, जब वह कुएं के पास खड़ी थी, यीशु ने उससे कहा, "स्त्री, मेरे लिए पानी ला।"

110 तो ठीक है, उसने कहा कि उनके बीच अलगाव था। लेकिन उसने उस स्त्री को बताया कि कोई अंतर नहीं था। परमेश्वर ने एक ही लहू से, सारे लोगों को बनाया।

111 और उसने कहा, "यदि तुम जानती कि तुम किससे बात कर रही थी, तो तुम मुझसे पानी मांगती।"

112 और बातचीत तब तक चलती रही जब तक उसने उसकी आत्मा को नहीं पकड़ लिया। तब उसने पाया कि उसकी परेशानी क्या थी। उसने कहा, "जाकर अपने पति को लेकर और यहां आओ।"

113 जब यहूदी को यह बताया गया तो क्या हुआ? यहूदी ने कहा, "तू परमेश्वर का पुत्र है।" यह सही है।

114 सामरी का क्या हुआ जब उसे यह बताया गया था, कहा, "जाकर अपने पति को लेकर और यहां आ"?

115 उसने कहा, "श्रीमान, मैं समझती हूं कि तू एक भविष्यव्यक्ता है। अब, हम जानते हैं कि जब मसीहा, जो मसीह कहलाता है, जब वह आता है, तो वह हमें इन बातों को बताएगा। लेकिन तू कौन हैं? "

उसने कहा, "मैं वही हूं जो तुमसे बात करता है।"

116 वह नगर की ओर भागी, और उसने कहा, "आओ, एक मनुष्य को देखो जिसने मुझे उन बातों को बताया जो मैंने की हैं। क्या यह मसीहा नहीं है? "

117 और उसने एक बार भी ऐसा एक अन्यजाति के लिए कभी नहीं किया। क्यों? उसने इसे आज के लिए छोड़ दिया। यही है जो उसने यहां कहा,

“उन दिनों में जब मनुष्य का पुत्र अपने आप को स्वर्ग से प्रकट करेगा।” वह अब अपने आप को कलीसिया पर प्रकट कर रहा है, दया के लिए। अगली बार जब वह अपने आप को प्रकट करता है, ये विनाश में होता है, उन लोगों के लिए जिन्होंने संदेश को अस्वीकार कर दिया है।

118 परमेश्वर हम पर दया करे... जब हम कुछ समय के लिए प्रार्थना करते हैं। *धीरे से और कोमलता से,* बहन गर्टी, यदि आप चाहें तो ये गीत बजाये।

119 मैं अब आज रात सोचता हूं आप जो दीवार से लगकर खड़े हुए है उनके प्रति खेद महसूस करता हूं। और मैं आपकी अपेक्षाओं को महसूस कर सकता हूं। मैं बस सोचता हूं, ओह, यदि आप अपने आप से और परमेश्वर के साथ ईमानदार बने रहे, बस कुछ क्षण के लिए।

120 क्या आप वास्तव में जल्दी करना चाहते हैं और इससे बाहर आना चाहते हैं? आज रात्रि एक मनुष्य उपस्थिति में है, जो प्रभु यीशु कहलाता है। उसके पास आपके लिए टिकट है, और आपको बस इतना करना है कि उसे अपने ह्रदय को दे दे। वो इसे उसके अपने लहू में धो देगा, और आपको सारे पाप और संदेह से शुद्ध करेगा, और आपको उसके स्वर्ग में ले जाएगा जब वो आता है।

121 और हो सकता है ये सुबह से पहले आ जाए, स्पुतनिक। वहां एक भी चीज नहीं है जो विज्ञान कहता है... आप इसे हर दिन रेडियो पर सुनते हैं, जब वे टेलीविजन पर होते हैं, जब वे इन विज्ञान का इंटरव्यू कर रहे होते हैं। वे कहते हैं, “दुनिया को किसी भी क्षण उड़ा देने से रोकने वाली कोई चीज़ नहीं है।” यह बस वोडका की कुछ ज्यादा शराब को पीकर, और वे एक लीवर को खींचेंगे, और बात खत्म।

122 जल्दी करो! संदेश अत्यावश्यक है। जल्दी करो! बच निकलो! अपने जीवन के लिए दौड़े! इससे बाहर निकलो। इस आधुनिक बाबुल से बाहर निकलो। दीवारों से दूर हो जाओ। क्या आप महसूस नहीं कर सकते कि कुछ तो आपके ह्रदय में खींचा–तानी हो रही है? यदि आप वास्तव में आत्मिक है, और परमेश्वर आपसे बात कर रहा है! निश्चय ही, यदि उसने उन छोटी चिड़ियों से बात की, तो वह आपसे बात कर सकता है।

123 क्या आप उसके लिए अपना हाथ ऊपर उठायेंगे? हमारे पास लोगों को वेदी के आस–पास बुलाने के लिए जगह नहीं है। लेकिन यदि आप बस अपना हाथ उठाये, और कहे, “परमेश्वर, मुझ पर दया करे।” परमेश्वर

आपको आशीष दे, भाई। परमेश्वर आपको आशीष दे। ओह, प्रभु! सारी इमारत में। मैं नहीं जानता कि वहां कितने हाथ उठे हैं। "मुझ पर दया करे, हे परमेश्वर। यह मेरा हाथ है। मैं बचना चाहता हूं, प्रभु। सुबह होने से पहले, मैं एक चिल्लाहट सुन सकता हूं, मैंने बाहर की ओर देखा और मेघधनुष आकाश में से होते हुए फैला हुआ होगा, मनुष्य का पुत्र आने वाला है।"

124 क्या ही भयानक दिन है, कि आपने अपने अवसर को खो दिया। आप ठीक अपनी कलीसिया के पास खड़े थे, क्या आप नहीं थे? "ओह," आपने कहा, "माँ इसी कलीसिया की सदस्य थी।" यह ठीक बात है, भाई। यह ठीक बात है, बहन। लेकिन माँ का उद्धार आपको कभी भी अंदर नहीं ले जाएगा। माँ किस और दिन में रहती थी, और आप दूसरे दिन में रह रहे है।

125 प्रभु का संदेश सुने, और आत्मा की चेतावनी को सुने। यह किस प्रकार का आत्मा था, जिसने उस विचार को परख लिया कि कैसे साराह तंबू के अंदर हंस रही थी? प्रभु का दूत।

126 अब अपने झुके हुए सिरों के साथ, मैं आप में से हर एक के लिए प्रार्थना करना चाहता हूं।

127 जब आपने अपने हाथों को ऊपर उठाया तो आपने क्या किया? आप कहेंगे, "क्या इसका कोई मायने रखता था, भाई ब्रंहम?" निश्चय ही रखता है। यदि आपका वास्तव में यही मायने रखता है, तो इसका अर्थ मृत्यु और जीवन के बीच का अंतर है। संदेश अत्यावश्यक है। क्या आप ठीक अभी अपने हाथ को ऊपर नहीं रखेंगे? "परमेश्वर मुझ पर दया कीजिये।"

128 परमेश्वर उस छोटी लड़की को आशीष दे। परमेश्वर महिला को आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे; आपको, प्यारे बच्चे; आपको, आपको, युवा पुरुष। छोटे–छोटे बच्चे जो साथ ही वेदियों के पास है उन्होंने छोटे–छोटे हाथों को ऊपर उठा रखा है। तो, उनके छोटे हृदयो को आशीषित करे!

आप कहते हैं, "उनका ऐसा अर्थ नहीं है।" ओह, हाँ, वे करते हैं।

129 यीशु ने कहा, "छोटे बालकों को मेरे पास आने दो, उन्हें मना ना करो, क्योंकि परमेश्वर का राज्य ऐसों ही है।" हो सकता है वे कभी भी परिपक्वता में नहीं जी सके। लेकिन, वे होंगे। वे कभी नहीं... वे बच निकलेंगे, हो सकता है, वे सारी बड़ी–बड़ी चीजें जिनसे हमें होकर गुजरना पड़ा था।

130 "परमेश्वर, दया करे!" जब आप अपने हाथों को ऊपर उठाते हैं, तो यह दर्शाता है कि आपके अंदर कुछ तो है जो आपने निर्णय लिया है। आपकी देह मरी हुई होती यदि आप में कुछ नहीं होता, जो कहता है, "अपने हाथों को उठाये।" यह वो आत्मा था। तब आप अपना हाथ उठाये। परमेश्वर ने इसकी गवाही दी। आत्मा ने आपको अपना हाथ उठाने के लिए लगाया है।

131 परमेश्वर आपको आशीष दे, और वहां पीछे के सारे छोटे बच्चों को। वे छोटे, साथ ही अश्वेत बच्चे भी है, परमेश्वर आपके छोटे ह्रदयो को आशीष दे, प्रिय। परमेश्वर आपसे प्रेम करता है। निश्चय ही।

132 हम इन दिनों में से एक दिन यहां से बाहर जा रहे हैं। मैं नहीं जानता कि यह कब होगा, लेकिन यह—यह होने जा रहा है। जल्दी करो, तुरंत ही, राज्य में प्रवेश करो! आप कहते हैं, "ठीक है, मैंने इसे पहले सुना है।" आप हो सकता है इसे अंतिम बार भी सुने। यह वो समय होने दो।

परमेश्वर आपको वहां पीछे आशीष दे, युवा महिला।

133 इन सारी पुरानी आधुनिक चीजों से दूर हो जाओ, इन पुरानी दीवारों से। वे सब नीचे गिर जायेगी। यह सारा रॉक-एंड-रोल और यह सारी बेहूदा चीजें संसार के साथ नाश हो जाएगी। आप संसार में सम्मिलित ना हो। आप वहां से निकलो। परमेश्वर अपनी कलीसिया के लिए आ रहा है। उसने आपको चुना है, यही कारण है कि वह आपसे बात कर रहा है। संदेश अत्यावश्यक है। जल्दी से आ जाओ!

134 अब, जबकि हम प्रार्थना करते हैं, अब सच्चे बने रहे और परमेश्वर से मांगे कि आप पर दया करें।

135 धन्य प्रभु, यहां ऐसे लोग हो सकते हैं जिन्होंने पहले कभी भी परमेश्वर की सामर्थ के कार्य को नहीं देखा हो, लेकिन उनके ह्रदय में कुछ तो है जो कहता है, "अपना हाथ ऊपर उठाओ। यह मैं हूं।" और वे देखते हैं कि एक अत्यावश्यक पुकार है। वे, वे इतने बुद्धिमान हैं कि चारों ओर देखते हैं और देखते हैं कि कुछ तो घटित होने के लिए तय है।

136 छोटे बच्चे, उनमें से बहुत से अपने छोटे हाथों को ऊपर उठाये हुए हैं। परमेश्वर, उन पर दया करें। बहुत से बूढ़े और मध्य उम्र के, उन्होंने अपने हाथों को ऊपर उठाया है। किशोर उम्र के लोगों ने अपने हाथ ऊपर उठाए है। वे दया को चाहते हैं, परमेश्वर। और मैं यह जानकर बहुत ही खुश हूं कि मसीह का पहला प्रकाशन दया है; दूसरा प्रकाशन न्याय है। हे परमेश्वर,

इन लोगों के लिए धन्यवाद जिन्होंने आज रात दया को लिया है, दया का मार्ग। "धन्य हैं वे जो दयावन्त है, क्योंकि उन पर दया की जाएगी। धन्य हैं वे जो धर्म के भूखे और प्यासे हैं; वे भर दिए जायेंगे।"

137 प्रभु, आज रात्रि उनके उजियाले को चमकाए। होने पाए वे दीया बने जो एक पहाड़ी पर रखा हुआ होता है, जो छिप नहीं सकता है, लेकिन विद्यालयो को उजियाला देता है और इसके बाद से उन स्थानों पर जहां से वे जुड़ेंगे। इसे प्रदान करें, प्रभु। होने पाए वे उजियाले बने जो परमेश्वर की महिमा के लिए चमकेंगे। उन्हें आशीष देना।

138 और किसी दिन, एक उत्तम संसार में, प्रभु, होने पाए हम सब परमेश्वर की उस महान मेज के चारों ओर भेंट करें, उस विवाह के भोज में। अपनी आत्मा को हम पर बनाये रखे, प्रभु। उन लोगों को आशीषित करें जो दीवारों से लगकर खड़े हुए हैं, और बाहर भवन में और आस–पास, जिन्होंने अपने हाथों को उठाया हैं, और आदि–आदि। उनके साथ होना, प्रभु। वे आज रात खड़े हुए हैं, और उनके पैरों में ऐंठन हो रही है। लेकिन, दयावान होना। इन चीजों को प्रदान करें।

139 वे आज रात इस छोटे से जल्दी करने के संदेश के फल हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर के दूत इसे उनके ह्रदय के लिए इतना वास्तविक बना देंगे, कि वे—वे इसमें से किसी को भी नहीं चूकेंगे। और वे फल हैं, और मैं उन्हें आपके सामने रखता हूं। और आप उन्हें यीशु को दे, क्योंकि वे उसके लिए आपके प्रेम के दान हैं। "कोई भी मनुष्य उन्हें हाथ से नहीं छीन सकता, क्योंकि कोई भी परमेश्वर से बड़ा नहीं है।" और मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उन्हें सुरक्षित रूप से संभाले रखेंगे जब तक यीशु उनके लिए नहीं आता।

140 होने पाए बाकी के लोग जल्दी करे, प्रभु, और जल्दी करे, क्योंकि संदेश अत्यावश्यक है। विनाश आने से पहले हमें अवश्य ही तुरंत बाहर निकलना होगा। और अब, प्रभु परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप अपने दूत को भेजें, वही एक जो अब्राहम के साथ बैठा है। इसे प्रदान करें, प्रभु। और बता सकता था कि पीछे तंबू में सारा क्या कर रही थी। और वह वाचा का दूत था। यही वो दूत था जिसने आग गिरने से पहले दया को लाया था। किसी भी समय, आग अब गिर सकती है, वे परमाणु जो सारे संसार को दो भागों में तोड़ देंगे। होने पाए वह आज रात आकर और हम

पर दया करे, प्रभु, क्योंकि हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

141 ओह, धन्य पुराने सुसमाचार के विषय में कुछ तो बात है, ऐसा लगता है कि यह आपको साफ़ कर देता है। मैं इसे पसंद करता हूं।

142 आइए हम बस एक बार इसे गाये, "धीमे से और कोमलता से यीशु बुला रहा है।" हर एक जन, आइए हम अपने हाथों को उसकी ओर उठाये। क्या आप ऐसा करेंगे?

धीमे से और कोमलता से यीशु बुला रहा है,
आपको और मुझे बुला रहा है,
हालाँकि हमने पाप किया है, उसके पास दया और क्षमा
है,
आपके और मेरे लिए क्षमा है।

घर आओ, घर आओ, (बस अब मसीह के साथ एकांत
हो जाओ।)
तुम जो थके हुए हो, घर आओ;
नम्रतापूर्वक, कोमलता से, यीशु बुला रहा है,
पुकार रहा है, हे पापी, घर आ जाओ!

143 [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... जो पहले कभी भी हमारी किसी चंगाई सभा में नहीं रहा था, आइए आपके हाथों को देखें। सभाओं में कभी नहीं रहे है? यह अच्छा है। मैं आपको यहां पाकर बहुत खुश हूं।

144 अब, मैं चंगाई देने वाला होने का दावा नहीं करता। मैं दावा करता हूं कि यीशु मरा नहीं है, लेकिन वह जीवित है। मैं एक चंगा करने वाला नहीं हूं। कोई चंगा करने वाला नहीं है। मसीह ने आपको पहले ही चंगा कर दिया है। "उसके कोड़े खाने से तुम चंगे हुए।"

145 लेकिन मैं आप आये हुए नए लोगों से कुछ पूछना चाहता हूं। अब, आप हो सकता है एक कलीसिया में जाते हो। आप में से बहुतों ने तब अपने हाथ को उठाया था, कुछ समय पहले प्रार्थना के लिए अपना हाथ उठाया था। यदि आपके पास पसंद की कोई कलीसिया नहीं है, तो हम यहां ब्रन्हम टेबरनेकल में आपका स्वागत हैं, जहां हमारे प्रिय भाई ओरमन नेविल, एक धर्मी व्यक्ति जो बाईबल से सच्चाई के अलावा बाहर कुछ भी नहीं सिखाते है। हमारी संगति में आपका स्वागत है। हम बस... एक संप्रदाय नहीं है। हम यहां केवल एक कलीसिया है, एक संगति। हम मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट,

प्रेस्बिटेरियन, पेंटीकोस्टल, लूथरन, हम सब हैं। हम मसीही हैं जो आपसे प्रेम करते हैं। और हम प्रार्थना करते हैं कि आप पाएंगे… यदि आप यहां नहीं आ सकते हैं, तो अपने लिए एक अच्छी स्थानीय कलीसिया को ढूंढे, कहीं तो, जहां वे वास्तव में सुसमाचार का प्रचार करते हैं, और जिससे कि आप परमेश्वर के आत्मा के द्वारा खिलाए जा सके।

146 हर कहीं, सारे भवन में से होते हुए, आज रात्रि… यदि प्रभु यीशु मरे हुओं में से जी उठा है, और मैंने आपको सत्य बताया है, तब परमेश्वर अपने वचन के लिए बाध्य है, कि इसे उसी तरह से करे। समझे?

147 ओह, इस पर भरोसा करने से मत डरना। यही या तो बाईबल है, यह सत्य है, या तो यह सत्य नहीं है। यदि यह सत्य नहीं है, तो यह सबसे बड़ा भरमाने वाला है जो कभी लिखा गया है, क्योंकि इसने लाखों लोगों को भरमाया गया है। मैं बहुत सी बार खड़ा हुआ हूं, एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में बाईबल लिए हुए, मुसलमानों के सामने, और कहता है, "एक सही है और दूसरा एक गलत है। होने दो परमेश्वर, यही वास्तविक परमेश्वर है, बोलने दो।" डरो मत। वह कभी नहीं छोड़ेगा। वह कभी नहीं त्यागेगा।

148 अब, प्रभु यीशु, जब वह यहां धरती पर था, जो काम उसने किए, जिसे हमने अभी–अभी वचन में से बताया है, उसने प्रतिज्ञा की है कि वह समय के अंत से पहले फिर से आयेगा और उन्हीं चीजों को करेगा। उसने कहा कि वह इसे अपनी कलीसिया के जरिये से करेगा। अब, उसने कहा, "मैं दाखलता हूं, तुम डालियां हो।" अब, दाखलता फल को नहीं लाती है। डालियां फल को लाती है।

149 अब, यदि यह एक कद्दू की दाखलता है, तो यह कद्दू को लायेगी। यदि यह एक तरबूज की दाखलता है, तो यह तरबूज को उत्पन्न करेगी। यदि यह एक खरबूजे की दाखलता है, तो यह खरबूजे को उत्पन्न करेगी। यदि यह अंगूर की दाखलता है, तो यह अंगूर को उत्पन्न करेगी।

150 यदि यह एक मसीही की दाखलता है, तो यह मसीह को लायेगी, मसीह का जीवन, मसीह के कार्य को। समझे? तब, हमारी आत्मा को किसी चीज के द्वारा ऊर्जा प्रदान होना है।

151 मैं आज रात उसमें होने के लिए बहुत ही खुश हूं। आप नहीं जानते, छोटे झुंड, यह मुझे कैसा महसूस कराता है, यह जानता हूँ, मैं अड़तालीस

वर्ष का हूँ, एक बूढ़ा व्यक्ति। और मैंने अब सत्ताईस वर्षों से प्रचार किया है। मेरे कंधे झुक रहे हैं। और, ओह, मैं अनुभव करता हूं कि मैं वह छोटा लड़का नहीं हूं जो यहां सड़क पर कंचों को खेला करता था। लेकिन एक बात है जो मैं जानता हूं, मैं उसका सेवक हूं। उन बातों को जानने के बजाये, जिन्हें मैं जानता हूं, मैं इस बात को लुंगा। कोई और बात से मेरा क्या भला होगा?

152 मैंने आप लोगों के साथ ईमानदार होने का प्रयत्न किया है। मैंने आपकी उपस्थिति में और परमेश्वर की उपस्थिति में, ईमानदार और न्यायी और सच्चा होने के लिए हर एक चीज को करने का प्रयत्न किया है, क्योंकि मैं जानता हूं कि वह हमें हर समय देखता है। अब, यदि मैं कर सकता...

153 अब मैं आपको बताता हूं। यह छोटा सा संदेश आज रात, मैंने जल्दी से खत्म करने की कोशिश की, लेकिन मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि परमेश्वर इसके बाकी को आपके हृदय में डाले। जल्दी करो! जल्दी करो! जल्दी करो! जितनी जल्दी हो सके, बाबुल से बाहर निकल जाओ। संसार में बने मत रहो। उस मूर्खता की बातों से दूर हो जाओ। बाहर निकलो! यहां से बाहर निकलो, आजाद हो जाए, मसीह के साथ। उन चीजों से दूर हो जाओ। क्योंकि आप नहीं जानते कि कौन सी घड़ी है कि हो सकता है इस धरती पर केवल पाउडर के अलावा कुछ भी नहीं बचे, बस गैसे दिखाई देगी, और पुराना संसार टुकड़े–टुकड़े हो जायेगा। यह इस सभा के बंद होने से पहले भी हो सकता है, और यह वचनों के बिल्कुल भी विपरीत नहीं होगा। यह तो केवल वचन को पूरा करेगा। सुसमाचार को प्रचार किया जा चूका है। यहां अंतिम संदेश आता है।

154 अब, भविष्य में बड़ी–बड़ी चीजों के लिए मत देखो। अमेरिका ने उसके अनुग्रह के दिन को ख़त्म करने का पाप किया है। यह बिल्कुल सही है। आप इसे अपनी बाईबल में चिह्नित करें और देखें कि मैं सही हूं या गलत। वह अब दो वर्षो से नीचे दर्जे की ओर जा रही है।

155 अधिक समय नहीं हुआ बिली ग्राहम ने अपने नाश्ते पर कहा। उसने बाईबल को ऊपर उठाकर रखा। उसने कहा, “*यहां* वो दर्जा है। पौलुस एक शहर में गया और एक परिवर्तित हुआ था, अगले वर्ष वापस आया और वहां तीस थे।” कहा, “मैं शहर में जाता हूं और बेदारी होती है, बीस हजार लोग परिवर्तित होते है, और छह महीने में वापस आता हूं और हो सकता

है बीस भी नहीं मिल सकते।”

156 क्या मामला है? वहां बस तालाब में बहुत सारी मछलियां है। ऐसे बहुत से है जिन्हें परमेश्वर जगत की बुनियाद डालने से पहले जानता था, और अनंत जीवन के लिए पहले से ठहराया हुआ है। जब वह अन्तिम जन अन्दर आता है, तो इससे बात ख़त्म हो जाती है।

157 वहां बस बहुत सारे पक्षी जहाज के अंदर गए, बस इतने सारे अलग–अलग जानवर उस जहाज में गए। और द्वार परमेश्वर के द्वारा बंद किया गया था, और उनमें से बाकी को बाहर ही छोड़ दिया, भले ही उन्होंने अंदर जाने की कोशिश की।

158 और मेरे प्रिय मित्र, यदि आप अंदर नहीं हैं, तो आप ठीक अभी अंदर आ जाये, जबकि परमेश्वर एक पुकार को कर रहा है, क्योंकि अन्यजातियों के लिए दया के द्वार किसी भी समय बंद हो सकते हैं। अब, और जो अभी मैं करता हूं, अब, होगा... अब जो मैं बोलता हूं...

159 मैंने बोला है, और मेरे शब्द, यदि मैंने घंटों–घंटों तक प्रचार किया होता था, इसका अर्थ हमारे प्यारे मसीह के द्वारा बोले गये शब्द की तुलना में आधा भी नहीं होगा। अब, लेकिन जो मैंने प्रचार किया है, मैंने या तो सच्चाई को बताया है या झूठ को। यदि मैंने झूठ बताया है, तो परमेश्वर का इससे कोई लेना–देना नहीं है। यदि मैंने सच्चाई को बताया है, तो परमेश्वर अपने वचन समर्थन करेगा।

आप कितने कह रहे हैं? पचास कार्ड दिए गये है?

160 मैं आपको दिखाऊंगा कि हम कार्ड को क्यों देते हैं, जब आपके पास विचारो को परखने की सभा होती है। मैं यह नहीं कहता कि वह इसे करेगा। वो हो सकता है ना भी करे। लेकिन मैं चाहता हूं कि आप मेरे साथ ईमानदार बने रहे। यहां कितने लोग अब पंक्ति में आना चाहेंगे? अपने हाथों को ऊपर उठाये, सारे भवन पर, आप जहां कहीं भी हो। भवन में हर एक जन जो पंक्ति में आना चाहता है, अपने हाथों को ऊपर उठाये। अब कैसे होगा... पहले कौन होगा? देखा? आप इसे नहीं कर सकते। हमें एक——एक पंक्ति को बनाये रखने के लिए, कार्डों को देना होगा।

161 अब, उसने पचास कार्ड बाटें हैं। और आइए अब यहाँ हर कहीं से बुलाये, उस कार्ड के जनसमूह में से होते हुए, और यह हर किसी को आगे आने का मौका देगा।

162 अब, ऐसा नहीं है कि *यहाँ* क्या घटित होता है। *यहां* क्या घटित होता है। समझे? ये ऐसा नहीं है, कि मुझे छुना है। यह तो उसे छुना है। कितने लोग जानते हैं कि नया नियम, इब्रानियों की किताब ने ठीक अभी कहता है, कि, "मसीह एक महायाजक है जिसे हमारी दुर्बलताओं की भावनाओं के द्वारा छुआ जा सकता है"? तो, आप कैसे जानेंगे कि आपने उसे छुआ है? वह ठीक इसके बाद बोलता है, बिल्कुल वैसे ही जैसे उसने किया था। यदि वह कल, आज और युगानुयुग एक सा है, उसे अपने आप को बिल्कुल वैसे ही प्रकट करना है जैसे उसने कल और हमेशा से किया था। तो, आप यहूदियों और उनके अंतिम संदेश को देखते हैं, उसने इसे कैसे किया? अब यह है नि–...

163 यदि वह अपने आप को किसी और तरीके से प्रकट करता है, एक संप्रदाय के जरिये से, तो वह अन्यायी होगा। उसने खुद को कभी भी एक संप्रदाय में प्रकट नहीं किया, क्योंकि उसके दिनों में कोई भी संप्रदाय नहीं था। उसने स्वयं को अलौकिक में से होते हुए प्रगट किया, जैसा कि हमने आज सुबह कहा, जैसे दीवार पर हस्तलेख, वो अनुवाद। वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है। परमेश्वर अब आपके साथ हो।

164 उसने कहा, "एक से पचास।" तो ठीक है। जिसके पास प्रार्थना कार्ड नंबर एक है, क्या आप बस अपने हाथ को ऊपर उठायेंगे। अपने कार्ड को देखे। कोई तो खाट पर है, या जहां कहीं भी है, और उठ नहीं सकता है, हर कोई एक दूसरे के कार्ड को देखे। यह बस एक छोटा सा कार्ड है। मैं नहीं सोचता कि इन कार्ड पर मेरा चित्र भी है। यह बस एक साधारण सा कार्ड है। नंबर एक, आप जहां कहीं भी हो। [एक भाई कहता है, "ठीक यहां।"—सम्पा।] तो ठीक है। क्या आप वहीं खड़े रहेंगे जहां आप हैं, श्रीमान। नंबर दो, क्या आप अपना हाथ उठाएंगे। ठीक *यहाँ* पर यह महिला। नंबर तीन, क्या आप अपना हाथ उठाएंगे। [टेप पर खाली स्थान।]

165 हम अजनबी है। तब यह हमारे जीवन में पहली बार भेट का समय है, मैं समझता हूं। तब, प्रभु परमेश्वर हम दोनों को जानता है। वह आपके बारे में सब जानता है, और वह मेरे बारे में सब कुछ जानता है। लेकिन यदि वह, उसकी दया में, कर सकता है...

166 यदि मैं आपसे कहूं, "ओह, श्रीमान, आप बीमार हैं। और मैं... आप चंगे हो जाओगे।" आपको अधिकार है कि इस बात पर संदेह करे। सभा के

लोगों के पास अधिकार है कि उस बात पर चकरा जाए। निश्चित रूप से। आपके पास केवल मेरा शब्द होता है।

167 लेकिन यदि पवित्र आत्मा आकर और उसे कुछ बताता है जो उसने किया है, कुछ तो जिसके विषय में मैं कुछ नहीं जानता, जो करता आ रहा है, वह जान जायेगा कि यह सचाई है या नहीं।

168 फिर यदि वह जानता है कि क्या था, निश्चय ही, यदि यह सही है, तो वह आपको बता सकता है कि क्या होगा, और यह सही होगा।

169 आपको यह विश्वास करना चाहिए, श्रीमती कॉक्स, क्या आपको नहीं करना चाहिए? श्रीमती कॉक्स वहां बैठी हुई है, मेरा बस अभी−अभी उनकी ओर ध्यान गया, बहन केंटकी से है, यहां पर बैठी है। यही श्रीमती वुड की... यहाँ कहीं कलीसिया में, उनकी माँ है। कैंसर ने उसके चेहरे को खा लिया, *यहाँ* पर।

170 मैं उत्तर के जंगल में ऊपर से नीचे आ रहा था। मेरी पत्नी ने मुझे फोन किया, कहा, "मैंने अपने जीवन में कभी भी किसी को इतना टूटा हुआ नहीं देखा, जितना—जितना श्रीमती वुड को।" और श्रीमान और श्रीमती वुड मेरे गहरे मित्र है। और मैं उस महिला के पास गया, **यहोवा यों कहता है** के साथ वापस आया। कैंसर खत्म हो गया।

171 वहां, महिला वहां बैठी हुई है, और आप शायद ही बता सकते हैं कि क्या... क्या आप बस खड़ी होंगी, श्रीमती कॉक्स, ताकि लोग देख सके। उसकी नाक का पूरा भाग और सब कुछ कैंसर ने खा लिया, उसकी आंखों तक चला गया। पीछे घूमे ताकि श्रोतागण आपको वहां पीछे देख सके। कैंसर।

वह हमेशा ही सही होता है। वह कभी भी गलत नहीं होता है।

172 अब, यदि प्रभु हमारा परमेश्वर इस भाई पर प्रकट करे, तो उसे न्यायी होने दो, यदि प्रभु हमारा परमेश्वर उस पर प्रगट करे कि वह यहां किसलिए है। या, कुछ ऐसा बताये जो उसने उस स्त्री के साथ किया... या, जैसे वह कहेगा जैसे उसने फिलिप्पुस से किया, जब नतेनएल ने उसे पाया... या नेतन... फिलिप्पुस ने नतेनएल को पाया। और इसे प्रकट करेगा; क्या आप सारे विश्वास करेंगे, आप सब लोग विश्वास करेंगे? यदि—यदि यह मनुष्य जानता है कि मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानता; और मैंने अपने हाथ ऊपर कर लिए हैं, मैं उसके विषय में कुछ भी नहीं जानता। उसने अपने हाथों को

ऊपर किया है, कि मैं उसे नहीं जानता, या वह मुझे नहीं जानता। तब यदि प्रभु इसे प्रकट करेगा, तो आप सब इसे स्वीकार करेंगे, क्या आप करेंगे? कितने लोग? अपने हाथों को ऊपर उठाये, ताकि मैं बस देख सकूं। अब, प्रभु आपको आशीष दे।

173 अब, श्रीमान, मैं बस यहां खड़ा हुआ हूं, यह देखने के लिए प्रतीक्षा कर रहा हूं कि वह मुझे क्या बताएगा, अत: आप उस बात के न्यायी हो। और यदि कोई भी देख सकता है, तो उस मनुष्य ने अपनी आंखें बंद कर ली है, इसलिए आप देखते हैं कि यह एक मनों को पढना नहीं हो सकता है। बस अपनी आंखें बंद करके बने रहे। यदि हमारा प्रभु यीशु... यदि वह इसे प्रकट करेगा, तो हम उसके आभारी होंगे।

174 लेकिन वह मनुष्य जो मेरे सामने खड़ा है, वह यहां किस लिए है, यह एक आत्मिक मामला है जिसके लिए वह प्रार्थना करना चाहता है। यह सच है। यदि यह सही है, तो अपना हाथ उठाये ताकि लोग देख सके। अब क्या आप विश्वास करते हैं? मैंने उसे अपने जीवन में कभी नहीं देखा, लेकिन यहाँ ऐसा था। कुछ तो उसके मन को परेशान कर रहा है। अब, मैं जितना अधिक मैं उससे बात करूंगा, उतना अधिक कहा जा सकता है। अब आदरपूर्ण रहे।

175 उस दूत ने क्या किया? उसने अपनी पीठ को घुमा लिया था, और उसने कहा, "सारा क्यों हंसी? "

उसने कहा, "मैं कभी नहीं हंसी।"

कहा, "ओह, हाँ, तुम हंसी।" क्योंकि, वह डरी हुई थी।

176 अब यदि सभा के लोग अब भी मेरी आवाज को स्पीकर पर सुन सकते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वह व्यक्ति मुझसे दूर जा रहा है। मैं एक स्त्री को खड़ा हुआ देखता हूं। यही वो मुख्य बात है जिसके लिए मनुष्य यहां पर है। यह उसकी पत्नी के लिए है, और वह यहां उसके साथ नहीं है। और उसे एक स्त्री की परेशानी है, एक स्त्री रोग है, और उसकी पीठ में परेशानी है। यही सचाई है।

177 आप इस शहर से नहीं है। आप दूसरे शहर से है, जो मेरीसविले कहलाता है। यह सही है। अब घर जाये और ये मिल जायेगा जिस तरह से आपने इस पर विश्वास किया है। यह उसी तरह से होगा, प्रभु के नाम में। परमेश्वर आपको आशीष दे। वो रुमाल, आपको उस पर रखने की

आवश्यकता नहीं होगी; वो रुमाल आपके पास उसकी जेब में था, लेकिन आपको इसकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

178 मैं आपको जानता हूं। मैं आपका नाम नहीं जानता। लेकिन आप एक महिला है जो वहां पिछले दरवाजे पर खड़ी थी, एक दिन, कि प्रभु का दूत मेरे पास आया, जब आप यहां पहली बार आराधनालय में थी, और कुछ तो प्रकट हुआ जो एक सही भेद था। और आप एक कैंसर से चंगी हुई थी। यह सही है। लेकिन मेरे पास कोई जानकारी नहीं है कि अब आपके साथ क्या मामला है। मैं नहीं जानता। आप यह जानते हैं। मेरे पास कोई जानकारी नहीं है कि आपके साथ क्या गलत है। लेकिन, यदि प्रभु इसे प्रकट करेगा, तो क्या आप इसे स्वीकार करेगी? [बहन कहती है, “हां।”—सम्पा।] मैं...

179 आप यहां पर अपने लिए नहीं हैं। आप यहां एक बालक के लिए है। और वह बालक पीड़ित है। और पीड़ा रीढ़ की हड्डी में है। जैसे कि, वो खड़ा नहीं हो सकता, या ऐसा ही कुछ तो। और मैं उस बालक के माता–पिता को एक कैथोलिक माला लिए हुए देखता हूं। वे कैथोलिक हैं। और एक बुजुर्ग जोड़ा, यह उनके दादा–दादी भी कैथोलिक हैं। और आप बालक के लिए खड़ी हुई है। अपने रुमाल को लेकर और उस पर रख दो। संदेह ना करें, आप जो मांगते हैं, वो आपके पास हो सकता है। अब अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें।

आप विश्वास कर रही हैं?

180 मैं समझता हूं कि यह महिला मेरे लिए अपरिचित है। हम एक दूसरे के लिए अपरिचित है, लेकिन प्रभु यीशु हम दोनों को जानता है। अब यहाँ पर एक सिद्ध तस्वीर है। यहां संत यूहन्ना 4 की एक तस्वीर है। एक अश्वेत स्त्री, एक श्वेत पुरुष; उस दिन में, यह एक सामरी स्त्री थी, और एक यहूदी, दो जाति के लोग थे। यीशु ने उसे तुरंत ही बता दिया, कि इनमें कोई अंतर नहीं था। हम सब परमेश्वर की सृष्टि है। जिस देश में हम रहते हैं, हमारा रंग बदलता है, इसका इससे कोई लेना–देना नहीं है। परमेश्वर अपने लोगों को इसी तरह से चाहता था। उसने मनुष्य को सफेद, काला, भूरा, पीला, लाल बनाया। उसने उन्हें इसी तरह से बनाया। यह उसका काम है। और वो हम सब से प्रेम करता है। लेकिन यहाँ पर एक सिद्ध तस्वीर है, दो लोग जो पहले कभी नहीं मिले, और हमारा पहली बार मिलना है, दो भिन्न जातियां।

181 अब, मैं समझता हूं कि आप एक विश्‍वासी हैं। आप एक मसीही हैं, क्योंकि आपकी आत्मा का अभिनंदन है। और परमेश्‍वर का वह महान दूत किसी भी गलत बात का अभिनंदन नहीं करेगा। निश्चय ही नहीं। आप वहां उस तस्वीर को देखते हैं, वो दूत वहां उस तस्वीर पर, वह प्रकाश ऊपर जहां मैं खड़ा हूं? यही है जो आपको ऐसा महसूस करवा रहा है जिस तरह से आप अभी महसूस कर रही हैं। यह बस आपके ऊपर आ रहा है।

बस एक क्षण, बहन गर्टी।

182 यह कुछ तो ऐसा प्रतीत होता है, मैं उस महिला को ठीक से नहीं पकड़ सकता। जी हां। महिला घबराहट की परिस्थिति से पीड़ित है। वह घबरा जाती है। वह चीजों को गिरा देती है। यह सही है। और फिर आपके पास एक आत्मिक समस्या है जिसे आप हल करने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि आप कुछ समय से प्रार्थना करती आ रही हैं। यह सच है। और आपको गठिया रोग हुआ है। मैं देख रहा हूं कि आप अपने बिस्तर से धीरे-धीरे उठने की कोशिश कर रही हैं, विशेष रूप से सुबह के समय। आपकी रीढ़ की हड्डी में भी कुछ तो गलत है, रीढ़ की हड्डी में परेशानी है। यह **यहोवा यों कहता है**।

183 आप मुझे परमेश्‍वर का भविष्यवक्ता होने का विश्‍वास करती हैं? आप उसी परमेश्‍वर पर विश्‍वास करती हैं जो शमौन को जानता था, वह आपको जानेगा? यदि परमेश्‍वर इसे प्रकट कर दे, तो क्या यह आपको एक मजबूत विश्‍वासी बना देगा, कि आप वही प्राप्त करेगी जो आपको प्राप्त करना चाहिए? वे आपको "नेनी" कहकर बुलाते हैं। और आपका अंतिम नाम जॉनसन है। और आप न्यू अल्बनी में रहते हैं। घर वापस आये और प्रभु यीशु के नाम में चंगे हो जाये। आमीन।

केवल विश्‍वास करें।

184 क्या हम एक दूसरे के लिए अपरिचित है, महिला? हम है। बस जिससे—बस जिससे की लोग देखें, क्या आप केवल अपने हाथ को उठाकर, कहेंगी, "हम अजनबी हैं। बस… " अब प्रभु परमेश्‍वर हम दोनों को जानता है। और यदि वह इस विनंती को स्वीकार करता है, तो आप इसके लिए आनंदित होंगी?

अब आप में से कुछ लोग विश्‍वास करने लगे है।

185 अब, वहाँ एक श्वेत पुरुष सामने आता रहता है यहाँ इस महिला के सामने।

186 यह वो मनुष्य है जो ठीक वहां बैठा हुआ है। आपके पास... कोई बात नहीं, आप जहां है वहीं खड़े रहे। आपको गुर्दे की समस्या है। आपको पीठ की समस्या है। और आपको पेट की समस्या है। यह सही बात है। अब विश्वास करते हुए जाये, और यह आपको अब और अधिक परेशान नहीं करेगा।

187 आप केवल विश्वास करें। मैं आपके विश्वास को चुनौती देता हूं कि इस पर भरोसा करें। कितने लोग इसे अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करते हैं? तो ठीक है, फिर उसकी ओर देखे और जीये।

188 यदि प्रभु हमारा परमेश्वर इस स्त्री पर प्रकट करेगा, जो मेरे लिए पूरी तरह से अपरिचित है। और हमारे हाथ ऊपर करते है, कि हम पहले कभी नहीं मिले, जानते हुए। और यदि प्रभु हमारा परमेश्वर इस स्त्री पर प्रगट करेगा, और उसी काम को करेगा जो उसने किया था, जैसे वो स्त्री... सामरी स्त्री के लिए किया। तब क्या आप सारे अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करेंगी? यह हमेशा के लिए ख़त्म हो जाएगा, जो आपके साथ है?

189 देखो, मेरी एक सभा होने वाली है। मुझे कल जाना होगा। और मुझे वर्जीनिया में जाना है, और एक महान सभा होने जा रही है। मैं यहाँ खड़े होकर बहुत कमजोर नहीं होना चाहता। तो ठीक है, मैं समय को लूंगा, बस कुछ क्षण, उस महिला के साथ। और आप विश्वास करे।

190 कोई भी स्त्री जो भी है, उसके पीछे एक भयानक दिखने वाला अंधकार है। ओह, यह—यह दु:ख की बात है। आपको अभी–अभी कुछ परेशानी हुई है। आपने एक बालक को खो दिया, एक बच्ची को। यह सही है। और दूसरी बात, आप स्त्री रोग से परेशान है, एक स्त्री रोग से, और एक पीठ की समस्या से। और आपके पास भी किसी प्रकार की चीज है जो आपके साथ घटित होती है, जैसे कि बेहोश हो जाना। ओह, मिर्गी। यह सही है। आप भी इस नगर से नहीं है। आपने यहां पहुंचने के लिए नदी को पार करके आई है। आप लुइसविले से हैं। आप एक नंबर पर रहती हैं, जिसे 1754 वेस्ट ओक स्ट्रीट कहा जाता है। आपका नाम मार्गरेट क्विन है। तो ठीक है।

191 प्रभु परमेश्वर, आकाश और धरती का सृष्टिकर्ता, इस स्त्री को वह दे जो उसकी इच्छा है, क्योंकि मैं इस शत्रु से कहता हूं कि उसे छोड़ दे, यीशु

के नाम में। आमीन।

192 परमेश्वर आपको आशीष दे, महिला। अब और संदेह ना करें। जाओ और अब जो आपने मांगा है उसे ग्रहण करो।

193 आप अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करती हैं?

194 आप कैसे हैं, श्रीमान? यह हमारी पहली बार भेंट है, मैं समझता हूं। क्या आप विश्वास करते हैं कि प्रभु हमारा परमेश्वर यहां दिखाने के लिए है और आपको उन चीजों को देने के लिए है जो आप चाहते हैं? [भाई कहता है, "हां, मैं विश्वास करता हूं। मैं जानता हूं कि वह यहां पर है। मैं उसे देख सकता हूं।"—सम्पा।] मैं आपके साहस की सराहना करता हूं। और आप यहां एक उचित चीज के लिए हैं। आप शराब पीने और धूम्रपान से छुटकारा पाना चाहते हैं। तो ठीक है, यह चीजें अब आप में से निकल गयी है। जाये, और परमेश्वर की शांति आपके साथ हो और अपने आप को विश्वास दिलाये। परमेश्वर आपके साथ हो।

"यदि तू विश्वास कर सकता है, तो सारी बातें संभव है।"

195 आप उस पीठ की समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं? वहां नीचे जाये उसको स्तुति देते हुए, और आप इससे छुटकारा पा लेंगे। बस जाए, इसे विश्वास करते हुए, अपने पूरे ह्रदय से।

196 "यदि तू विश्वास कर सकता है," बाईबल ने कहा। आदरपूर्ण रहे। विश्वास करें कि परमेश्वर जो कर रहा है वो सत्य है।

197 मैं आपको जानता हूं। मैं अब आपके लिए प्रार्थना करने जा रहा हूं। मैं आपकी परेशानी को जानता हूं।

198 प्रभु परमेश्वर, इस महिला पर दया करें और इस विनंती को स्वीकार करें, क्योंकि मैं इसे यीशु के नाम में मांगता हूं। आमीन। मुझे याद नहीं है... क्या आपका नाम बेकर है? [बहन कहती है, "जी हां, श्रीमान।"—सम्पा।] यह ठीक बात है। मुझे—मुझे अब याद आया। परमेश्वर आपको आशीष दे। अब ठीक आगे बढे और अपने पूरे ह्रदय से उस पर विश्वास करे। तो ठीक है।

199 मैं आपको नहीं जानता, महिला। हम अपरिचित है। यह सही बात है। आप अपना भोजन खाना चाहती हैं, उस पेट की परेशानी से छुटकारा

पाना चाहती हैं, वो अल्सर जो आपको इस सारे समय में था? तब जाकर, खाये, और यीशु मसीह आपको चंगा करता है।

200 मैं आपको जानता हूं। और मैं जानता हूं कि आपकी परेशानी क्या है। आप नहीं जानते—आप नहीं जानते कि मैं इसे जानता हूं, लेकिन, मैं—मैं इसे जानता हूं। इसलिए कि आप यहां आराधनालय में आए हैं, मैं इसे नहीं कहूंगा। लेकिन गठिया का रोग आपको छोड़ देगा यदि आप बस इसका विश्वास करें। आप आगे बढे। परमेश्वर आपको आशीष दे।

201 आइए हम कहे, “परमेश्वर का धन्यवाद हो।” [सभा कहती है, “परमेश्वर का धन्यवाद हो।”—सम्पा।]

202 आप भी परेशानी में हैं। पेट की समस्या आपको परेशान कर रही है। आप विश्वास करती हैं कि प्रभु यीशु आपको चंगा करेगा? [बहन कहती है, “मैं करती हूं।”—सम्पा।] तब जाये, और परमेश्वर की शांति आप पर बनी हुई है। बस आप पर हाथ रखना चाहता हूं, और हमारे पूरे ह्रदय से विश्वास करे, कि परमेश्वर इसे करेगा।

203 मैं आपके लिए अपरिचित हूं, मैं समझता हूं, महिला। क्या आप मुझे जानती हैं? आप यहां कलीसिया में आयी हैं? आप आती हैं। मैंने आपको कभी नहीं देखा। निश्चय ही, बहुत से लोग यहाँ पर आते हैं। तो ठीक है। आप विश्वास करती हुई जाये, और वह स्त्री रोग आपको छोड़ देगा, वो स्त्री रोग जो आपको था। क्या आप विश्वास करती हैं? [बहन कहती है, “हां।”—सम्पा।] तो ठीक है, तब जाये, और परमेश्वर आपके साथ होगा और आपकी सहायता करेगा, मुझे पक्का है।

204 क्या आप विश्वास करते हैं, श्रीमान? आप विश्वास करती हैं कि प्रभु उस उकड़न को आपसे दूर कर देगा, और आपको चंगा कर देगा, उस गठिया रोग को? सीधे वहां से होते हुए वापस जाये, उसका धन्यवाद करते हुए और इसके लिए उसकी स्तुति करते हुए, तब आप चंगे हो जायेंगे।

205 आप घबराहट संबंधी परेशानी की समस्या है, क्या आपको नहीं है, महिला? यह एक मानसिक घबराहट है। आप वास्तव में कमजोर हो जाते हैं, आप जादू-टोने से पीड़ित हैं, विशेष कर दोपहर बाद ऐसा होता है। यहां तक कि शैतान ने भी आपको बताया है कि आप अपना दिमाग को खोने जा रही हैं। यह सही बात है। लेकिन यह झूठ है। आप चंगी होने जा रही हैं। यह कुछ नहीं केवल जीवन का समय है जिसमें आप आ रही हैं। यह

रजोनिवृत्ति है। हर महिला को इस चीज पर आना होता है। लेकिन आप अब ठीक होने जा रही हैं। क्या आप मेरे शब्दों का विश्वास करती हैं? तब जाकर, परमेश्वर का धन्यवाद करे, और गीत गाये और आनंद मनाये, और स्वस्थ रहे।

206 तो ठीक है, महिला। मैं भी आपके लिए अपरिचित हूं। मजेदार बात यह है, जब मैंने उससे ऐसा कहा, इसने आपको उसी समय छोड़ दिया, क्योंकि बिल्कुल ठीक यही आपकी परेशानी थी, घबराहट। अब आप अपने मार्ग पर जाये, और अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करे, और आप चंगी हो जायेंगी। आमीन। जाये और अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करे।

207 मैं आपको जानता हूं, महिला। मैं आपके चेहरे को जानता हूं, लेकिन मैं नहीं... आप विश्वास करती हैं कि परमेश्वर आपको चंगा करेगा? मैं जानता हूं कि अब आप कौन हैं। आप एक महिला है जो यहां आराधनालय में आती है। आप विश्वास करती हैं कि परमेश्वर आपको चंगा करेगा? मुझे बस आपके लिए प्रार्थना करने दे।

208 प्रभु परमेश्वर, आकाश और धरती के सृष्टिकर्ता, स्त्री को चंगा करे, मैं प्रार्थना करता हूं, यीशु के नाम में। आमीन।

209 संदेह ना करें। मैं उस महिला का नाम नहीं सोच सकता, लेकिन मैं जानता हूं कि वह कौन है...

210 आप लोगों के विषय में क्या है जो यहां श्रोतागण में है? क्या आप विश्वास कर रहे हैं? अब बिल्कुल शांत बैठे रहे। बहुत ही आदरपूर्ण रहे। *यहाँ* इस दिशा की ओर, कोई तो है। मैं आपके विश्वास को चुनौती देता हूं, यीशु मसीह के नाम में, इसे विश्वास करे।

211 एक अश्वेत महिला के हाथ ऊपर है, वहां। क्या आप विश्वास करती है, महिला, मैं परमेश्वर का सेवक हूं? [बहन कहती है, "जी हां, श्रीमान।"—सम्पा।] यदि परमेश्वर मुझ पर प्रकट करेगा कि आपकी क्या परेशानी है, तो क्या आप इसे स्वीकार करेंगी? ["जी हां, श्रीमान।"] आप अपने लिए और उस छोटी लड़की के लिए प्रार्थना करना चाहती हैं। आपकी आंखों के लिए, वहां बैठी हुई है। यह सही है। अपने हाथ को बालक पर रखें, और अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें।

212 प्रभु परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं कि वे इसे यीशु के नाम में ग्रहण करेंगे। आमीन।

क्या आप विश्वास करती हैं?

213 वहां प्रभु का दूत इस अश्वेत सिर वाले व्यक्ति के पास खड़ा है। मैं—मैं सोचता हूं कि वो हालाँकि यहां कलीसिया में आता है। मुझे पक्का नहीं है। श्रीमान, यदि मैं आपको जानता हूं, तो मैं नहीं जानता कि आपके साथ क्या गलत है, जब तक कि परमेश्वर इसे प्रकट नहीं करता। लेकिन यह उसकी कुछ दया है जो यहां पर खड़ी है। और आपके पैर में एक—एक अल्सर है, बाएं पैर में। यह सही है। आपके—आपके विश्वास ने किसी चीज को छुआ है।

214 आपके बारे में क्या है, इस भाग में, क्या आप विश्वास करते हैं? तब विश्वास रखें। संदेह ना करें।

215 यहाँ, महिला यहाँ काली टोपी पहने बैठी हुई है, चश्मा पहने हुई है। आपके पास प्रार्थना कार्ड है, महिला? ठीक वहां उस छोटे लड़के के पीछे, इस पंक्ति के अंत में, आप! आपके पास प्रार्थना कार्ड है? आपके पास प्रार्थना कार्ड नहीं है। क्या आप मुझ पर परमेश्वर का भविष्यवक्ता होने का विश्वास करती हैं? यदि परमेश्वर मुझ पर प्रकट करेगा कि आपकी परेशानी क्या है, तो क्या आप इसे तब स्वीकार करेंगी? आपको ह्रदय का रोग है। यह आपका पति आपके बगल में बैठा हुआ है, और उसे ग्रंथि संबंधी रोग है। अब जाये और विश्वास करें।

कौन उस पर विश्वास करता है?

216 यहाँ बैठे हुए इस अश्वेत व्यक्ति के बारे में क्या है? क्या आप विश्वास करते हैं, श्रीमान? [भाई कहता है, "जी हां, श्रीमान।"—सम्पा।] आप मुझे उसका सेवक होने का विश्वास करते हैं? ["हां।"] आप प्रार्थना करवाना चाहते हैं, क्या आप नहीं चाहते? ["हां।"] यदि परमेश्वर यह बात मुझ पर प्रकट करेगा, और मेरे द्वारा आपको प्रगट कर देगा, क्या आप विश्वास करते हैं कि वह... कि आप इसे स्वीकार कर सकते हैं? ["हां।"] आपको साइनस की समस्या है। और आप को हर्निया है। यह सही है।

217 आप में से किसी के भी विषय में क्या है, क्या आप विश्वास करते हैं?

218 यहाँ पीछे इस महिला के ठीक पीछे एक और अश्वेत महिला है। बहन, आपने अपना हाथ ऊपर उठाया है। आप प्रभु से कुछ तो चाहती हैं? आप मुझे उसका सेवक होने का विश्वास करती हैं? यह एक आवाज की समस्या

है, जिससे आप पीड़ित हैं। यह सही है। आप विश्वास करती हैं कि उसने आपको चंगा किया है?

219 ठीक वहां आप से उस ओर, उस तरफ देख रहे है, आप से ठीक वहां पर पंक्ति के अंत में; लगभग एक, दो, तीन, चार, पांच लोग, वहां पीछे। आपको थायरॉइड की समस्या है। आप विश्वास करते हैं कि परमेश्वर आपको चंगा करेगा?

220 ठीक यहाँ पीछे के विषय में क्या है? वह व्यक्ति जो सीट के अंत में है, ठीक यहाँ पीछे इस कतार में है। आपको अल्सरित कोलाइटिस का रोग है। यह सही है, श्रीमान। आप विश्वास करते हैं कि परमेश्वर आपको चंगा करता है? तब खड़े होकर और इसे प्रभु यीशु के नाम में स्वीकार करें।

221 परमेश्वर आपको आशीष दे। मैंने आपको कभी नहीं देखा। आप मेरे लिए अजनबी हो। लेकिन परमेश्वर आपको जानता है।

222 आप इसे विश्वास करते हैं, आप में से हर एक जन? क्या आप उसी परमेश्वर के दूत का विश्वास करते हैं जो अब्राहम के पास आया, दया में, जो सारा के विचारों के भेदों को जानता था, वही एक जो धरती पर खड़ा हुआ था और मन के विचारों के भेदों को जानता था, क्या आप विश्वास नहीं करते कि वह अब यहां पर है? वही परमेश्वर, इससे पहले कि संसार फिर से विनाश में जल जाए, क्या आप विश्वास नहीं करते कि वो यहां पर है? तब आइये हम उसे स्वीकार करें। आइये उस पर विश्वास करें। आइए उसे ठीक अभी हमारे चंगाकर्ता के रूप में ले। आप में से कितने लोग इसका विश्वास करेंगे?

223 आप में से कितने वास्तव में विश्वास करते हैं? अपने हाथ ऊपर उठाये। अब, आप अपने हाथों को नीचे रखे।

224 बाईबल ने यह कहा, “ये चिन्ह उनके पीछे–पीछे जायेंगे जो विश्वास करते हैं।”

225 तब अपने हाथों को एक दूसरे पर रखें, यदि आप विश्वासी हैं। आप अपने बगल वाले व्यक्ति के लिए प्रार्थना करें। और जो आपके बगल में है, आपके लिए प्रार्थना करें जिसके लिए प्रार्थना की जा रही है। आप में से हर एक जन, अब एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें, भवन में हर कहीं पर। मैं इस विश्वास को चुनौती देता हूं।

वहां टीबी से पीड़ित महिला है, इसके बारे में भूल जाये। आप चंगी हो गयी हैं।

226 आप प्रॉस्टेट की समस्या के साथ, वहां जो बैठे हुए हैं, श्रीमान, रातों को जाग जाते हैं। इसे भूल जाये। आपको ऐसा और नहीं करना होगा। परमेश्वर आपको आशीष दे।

227 मैं आपको चुनौती देता हूं कि विश्वास करने का काम करें। क्या आप इसे करते हैं? तब आप में से हर एक जन अपने तरीके से प्रार्थना करें। अपने हाथों को किसी पर रखें और अपने बगल में किसी के लिए प्रार्थना करें, जब मैं आप सभी के लिए प्रार्थना करता हूं।

228 प्रभु परमेश्वर, आकाश और धरती के सृष्टिकर्ता, सनातन जीवन के लेखक, हर एक अच्छे दान को देने वाले, अपनी आत्मा को अभी इन लोगों पर भेजिए।

229 मैं शैतान के कामों को दोषी ठहराता हूं, क्योंकि शैतान प्रकट हो गया है। शैतान, तू उन्हें और अधिक पकड कर नहीं रख सकता। उनका विश्वास ऊपर की ओर बढ़ रहा है, और उन्होंने एक दूसरे पर हाथ रखा है। और मैं तुझे चुनौती देता हूं, कि तू लड़ाई को हार चूका हैं, और न्याय निकट है। उनमें से बाहर आ जा, यीशु मसीह के नाम में। उनमें से निकल जा, यीशु के नाम में।

230 क्या आप उस पर विश्वास करते हैं? अपने हाथों को उठाये और अपनी चंगाई के लिए उसे स्तुति दे। यदि आप अपंग है, तो अपने पैरों पर खड़े हो जाये; मसीह आपको चंगा करता है। यदि आप लंगड़े हैं, अपने हाथों को अपंगता पर रखे, उन्हें ऊपर उठाये; यह सब खत्म हो गया है।

यहां एक अपाहिज स्त्री है, जो खड़ी हो रही है।

231 प्रभु की स्तुति हो! आइए हम कहें, “प्रभु की स्तुति हो,” हर एक जन। [सभा कहती है, “प्रभु की स्तुति हो!”—सम्पा।] आमीन।

भाई नेविल।

58-0309E क्या कलीसिया महासकंट से पहले चली जाएगी?
ब्रंहम टेबरनेकल
जेफ्फ़रसनविल, इंडिआना यू.एस.ए

HINDI

©2024 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।
अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org